राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 322
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 15 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में 'पीपीपी' या 'बीओटी' पर बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स
पेज 4 मिशन शक्ति अभियान और साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत
पेज 6 स्वदेश पहुंचे विराट, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए आज भारतीय टीम साथ

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली शराब नीति केस- केजरीवाल को जमानत मामले में ईडी को आखिरी मौका

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2021-22 के शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दी गई जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर बहस करने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आखिरी मौका दिया है। केजरीवाल के वकील द्वारा बार-बार स्थगन पर आपत्ति जताए जाने के बाद मंगलवार को यह फैसला आया। केजरीवाल के वकील ने कहा कि यह जांच एजेंसी द्वारा ?बिना किसी कारण के लिया गया नौवां स्थगन है, जिसके बाद कोर्ट ने मामले को 10 नवंबर के लिए लिस्ट कर दिया।

### दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में मेडिकल छात्रा का सहपाठी भी गिरफ्तार

**दुर्गापुर।** दुर्गापुर में एमबीबीएस छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में पुलिस ने सहपाठी की भूमिका को संदिग्ध पाकर उसे भी गिरफ्तार कर लिया। उसे हिरासत में लेकर तीन दिनों से पूछताछ की जा रही थी। मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपितों की संख्या अब छह हो गई है। पुलिस सभी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। मंगलवार को पुलिस सभी आरोपितों को लेकर घटनास्थल पर पहुंची और क्राइम सीन रिक्रिएट किया। पुलिस ने छात्रा का गुप्त बयान भी न्यायाधीश के सामने दर्ज करवाया है।

# राजस्थान में एसी बस में आग, 20 यात्री जिंदा जले

**15 लोग झुलसे; बचने के लिए चलती गाड़ी से कूदे लोग, जैसलमेर से जोधपुर जा रही थी**

एजेंसी









**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई।

20 यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मरने वालों में दो लोगों की पहचान हो गई। इनमें एक स्थानीय पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान और 79 साल के हुसैन खां है।

हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 15 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया।

अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बस में 57 लोग सवार थे। हादसे में मरने वालों की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। कलेक्टर प्रताप सिंह ने मृतकों के परिजनों से संपर्क करने की अपील की है।

केंद्र सरकार ने मृतक आश्रितों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए मुआवजा देने की घोषणा की। पोकरण विधायक प्रतापपुरी ने हादसे में 20 मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हादसा शॉर्ट सर्किट से ही हुआ है।

जैसलमेर से सभी 19 शवों को जोधपुर भेजा गया है। वहीं हुसैन खां की मौत जोधपुर में ही हुई थी।

हादसा जैसलमेर के थईयात गांव के पास हुआ। आग की लपटें और धुआं काफी ऊंचाई तक उठता रहा।

बस रोजाना की तरह दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी। करीब 20 किलोमीटर दूर रास्ते में थईयात गांव के पास अचानक बस के पिछले हिस्से में धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। बचने के लिए लोग चलती बस से कूद गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। राहत कार्य शुरू किया। लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी।

### केंद्र ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख, घायलों को 50 हजार की सहायता देने की घोषणा की

जैसलमेर बस हादसे में प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिवार को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता की घोषणा की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट की, जिसमे लिखा- राजस्थान के जैसलमेर में हुई दुर्घटना से हुई जान-माल की हानि से मन व्यथित है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिवार के साथ है।

### डीएनए सैंपल के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए

हादसे में मरने वालों की पहचान के लिए उनके दो परिजनों से डीएनए सैंपल लिया जाएगा। इसके लिए महात्मा गांधी अस्पताल जोधपुर के कॉटेज संख्या 4 और 5 में और जैसलमेर स्थित जवाहर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में विशेष व्यवस्था की गई है।

**हेल्पलाइन नंबर**
जिला नियंत्रण कक्ष जोधपुर- 0291-2650349, 2650350
महात्मा गांधी अस्पताल- 09414159222
राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला जोधपुर-9414919021
ट्रॉमा सेंटर ,जवाहर अस्पताल, जैसलमेर-9460106451, 9636908033
जैसलमेर हेल्पलाइन नंबर- 9414801400, 8003101400, 02992 252201, 02992 255055

# दिल्ली की हवा खराब, ग्रेप-1 लागू

**एमपी-राजस्थान में पारा 15 तक पहुंचा, देश में 110 साल की तीसरी सबसे तेज ठंड पड़ेगी**



**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** दिल्ली में मंगलवार को हवा की गुणवत्ता खराब हो गई। इसके चलते कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने इस मौसम में पहली बार ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान वन (ग्रेप-1) के 27 तरह के प्रतिबंध लागू कर दिए।

इसके तहत कंस्ट्रक्शन साइट्स पर धूल को कंट्रोल करने, खुले में कचरा जलाने पर रोक और नियमित रूप से सड़क सफाई जैसे उपाय किए जाते हैं। साथ ही एंटी-स्मॉग गन का उपयोग, पानी का छिड़काव करना आदि शामिल हैं। सभी एजेंसियां कोशिश करेंगी कि हवा और खराब न होने पाए।

नागरिकों से भी उपायों का कड़ाई से पालन कराया जाता है। CAQM ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद 13 दिसंबर, 2024 को ग्रेप-1 के उपाय तय किए थे।

आज दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। ग्रेप-1 के प्रतिबंध तब लागू किए जाते हैं जब एक्यूआई 201 से 300 के बीच होती है।

### ऊपरी हिमालय का 86 प्रतिशत हिस्सा बर्फ से ढंका

उधर, देश में इस बार तेज ठंड पड़ेगी, क्योंकि ऊपरी हिमालय का 86 प्रतिशत हिस्सा समय से दो महीने पहले ही बर्फ से ढंक गया है। पिछले दिनों आए वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पूरे हिमालय पर तापमान 2 से 3 कम बना हुआ है।

इस वजह से ताजा बर्फ फिलहाल पिघल नहीं रही। यह अच्छा संकेत है। दिसंबर में ला नीना सक्रिय हो रहा है। जो प्रशांत महासागर के तापमान के सामान्य से ठंडा होने की एक मौसमी घटना है। इसके कारण भारत में अच्छी बारिश और ज्यादा ठंड पड़ती है।

### दिल्ली एसएयू यूनवर्सिटी- छात्रा को दबोचा, टी-शर्ट फाड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में साउथ एशियन यूनिवर्सिटी की एक 18 साल की छात्रा के साथ जबरदस्ती करने की घटना सामने आई है। हादसा 12 अक्टूबर की देर रात हुआ। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि, चार आरोपियों ने यूनिवर्सिटी कैंपस में उसे दबोच लिया। उसकी टी-शर्ट फाड़ दी। आरोपियों ने पैंट उतारने की कोशिश भी की। पीड़ित ने जब खुद का बचाव किया तो आरोपी ने उसकी जांघ पर पैर रख दिया। फिर आंखों में उंगली डाल दी। एक आरोपी ने जबरदस्ती मुंह खोल दिया और अबॉर्शन पिल खिला दी। हालांकि दवाई खिलाने की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित बीटेक फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट है। वह 13 अक्टूबर की सुबह परिसर में घायल अवस्था में मिली थी। पीड़ित ने एफआईआर दर्ज कराई है, चारों आरोपी फरार हैं।

# मुठभेड़ : जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

**12 घंटे चली मुठभेड़ में मार गिराया, एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम; सर्चिंग जारी**



**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है। इससे पहले 8 सितंबर को सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया था। गुड्डुर के जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। सेना ने इसे ऑपरेशन गुड्डर नाम दिया था। इस दौरान घायल हुए दो जवान भी शहीद हुए थे। ऑपरेशन गुड्डर में मारे गए एक आतंकी की पहचान शोपियां के रहने वाले आमिर अहमद डार के तौर पर हुई थी। वह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था और सितंबर 2023 से एक्टिव था। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में यह भी शामिल था।

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के छापों पर सवाल उठाए

**तमिलनाडु शराब घोटाला केस में कहा- क्या जांच एजेंसी राज्य की शक्तियों में दखल नहीं दे रही?**



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु में शराब दुकान के लाइसेंस से जुड़े तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड घोटाला केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर सवाल उठाए। कोर्ट ने ईडी से सवाल किया कि क्या आप राज्य पुलिस की शक्तियों में दखल नहीं दे रहे हैं?

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने पूछा कि क्या राज्य पुलिस इस घोटाले की जांच नहीं कर सकती है, क्या ईडी का दखल जरूरी है? इससे संघीय ढांचे पर क्या असर होगा? दरअसल, ईडी ने मार्च में TASMAC के चेन्नई स्थित मुख्यालय पर 1,000 करोड़ के घोटाले मामले में छापेमारी की थी। इसमें शराब की बोतलों की कीमत बढ़ाना, टेंडर में हेराफेरी और रिश्वतखोरी शामिल है। इस दौरान अधिकारियों ने कंप्यूटर और अन्य सामान जब्त किए थे।

इसके बाद राज्य सरकार और TASMAC ने दावा किया था कि छापे अवैध हैं और ईडी ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इसके बाद मामला मद्रास हाइकोर्ट पहुंचा, जहां हाइकोर्ट ने ईडी को जांच जारी रखने की इजाजत दी थी।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में माओवादियों की बड़ी साजिश सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दी। कर्रेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के कैंप से महज दो किलोमीटर की दूरी पर माओवादियों द्वारा छिपाया गया भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया। पांच प्रेशर आइईडी भी बरामद किए गए, जिन्हें बम निरोधक दस्ते ने मौके पर निष्क्रिय कर दिया। कर्रेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र के ताड़पाला में कुछ दिनों पहले ही बेस कैंप स्थापित किया गया है।

### केरल में हिजाब पहनकर स्कूल जा सकेगी मुस्लिम छात्रा, शिक्षा मंत्री ने मांगी जांच रिपोर्ट

**तिरुअनंतपुरम।** केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने मंगलवार को कोच्चि में ईसाई समुदाय द्वारा संचालित प्राइवेट स्कूल को निर्देश दिया कि वह मुस्लिम छात्रा को हिजाब पहनकर पढ़ाई जारी रखने दें। स्कूल प्रशासन से इस मामले में रिपोर्ट भी मांगी गई है। शिवनकुट्टी ने यह निर्देश एर्नाकुलम के शिक्षा उपनिदेशक द्वारा पेश रिपोर्ट के बाद जारी किया। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि स्कूल की ओर से गंभीर चूक हुई है। पल्लुरुथी स्थित सेंट रीटा पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ने आठवीं कक्षा की छात्रा के हिजाब पहनने को लेकर उसके अभिभावक के साथ विवाद बढ़ने के बाद सोमवार को दो दिन के लिए बंद कर दिया था। मामले का पता तब चला जब छुट्टियों की घोषणा करते हुए प्रिंसिपल सिस्टर हेलेना आरसी द्वारा जारी पत्र इंटरनेट मीडिया पर सामने आया। प्रिंसिपल ने लिखा कि बिना यूनिफार्म के आई छात्रा, उसके माता-पिता और कुछ लोगों के दबाव बनाने और हंगामा के कारण मानसिक तनाव का हवाला देते हुए कुछ छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने छुट्टी मांगी थी। इसलिए अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया।

# हरियाणा के एएसआई ने खुद को गोली मारी

**रोहतक।** हरियाणा में रोहतक के साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप कुमार ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया है। उनकी डेडबॉडी लाढ़ौत रोड पर खेत में बने मामा के मकान से मिली। मौके से 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। उन्होंने मरने से पहले एक वीडियो बनाया।

एएसआई ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार और उनके गनमैन सुशील कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उसने वीडियो में कहा- करप्शन केस में बदनामी के डर से आईपीएस पूरन ने सुसाइड किया है। उसे डर था कि परिवार की राजनीति पर असर पड़ेगा।

6 अक्टूबर को रोहतक पुलिस ने पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार को शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इससे अगले ही दिन 7 अक्टूबर को पूरन कुमार ने चंडीगढ़ में अपनी कोठी पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया था।

परिवार ने संदीप कुमार के पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया है। उन्होंने संदीप की डेडबॉडी लाढ़ौत गांव में मामा के घर रखी है।

उनका कहना है कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी, हम पोस्टमॉर्टम नहीं कराएंगे। एएसपी प्रतीक कुमार परिवार को मनाने के लिए पहुंचे, लेकिन परिवार एफआईआर की मांग पर अड़ा है।

**ऐतिहासिक फैसला** | घायलों को 2.50 लाख तक मिलेंगे, बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- मुआवजे में देरी हुई तो अफसर-ठेकेदार जिम्मेदार होंगे

# गड्ढों-मैनहोल से मौत पर अब 6 लाख मुआवजा मिलेगा



मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र में गड्ढों और खुले मैनहोल की वजह से होने वाली मौतों के मामलों में अब पीड़ित परिवारों को ?6 लाख का मुआवजा दिया जाएगा।

जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और संदीश डी. पाटिल की बेंच ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को इन हादसों में चोट लगती है, तो उसे 50 हजार रुपए से 2.50 लाख रुपए तक का मुआवजा मिलेगा। ऐसे हादसों के लिए ठेकेदारों के साथ-साथ नगरपालिका और सरकारी अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे।

कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी योग्य पीड़ितों को 6 से 8 हफ्तों के भीतर मुआवजा दिया जाए। अगर देरी होती है तो संबंधित अधिकारी जैसे कमिश्नर, जिला कलेक्टर, सीईओ आदि व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे और उन्हें ब्याज सहित पैसा देना होगा। ये रकम जिम्मेदार अधिकारी, इंजीनियर या ठेकेदार से वसूली जाएगी।

दरअसल, 2013 में तब के बॉम्बे हाईकोर्ट के जज जीएस पटेल (रिटायर्ड) ने मुख्य न्यायाधीश को लेटर लिखकर मांग की थी कि मुंबई जैसे शहर में खराब सड़कों की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने इसी लेटर के आधार पर केस दर्ज किया था।

### सरकारी अधिकारियों पर जवाबदेही तय होगी

हाईकोर्ट ने कहा कि अब समय आ गया है कि गड्ढों और खुले मैनहोल से होने वाली मौतों और चोटों के लिए जिम्मेदार लोगों को सीधे जवाबदेह ठहराया जाए।

जब तक अधिकारियों और ठेकेदारों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक वे इस गंभीर मुद्दे को समझ नहीं पाएंगे।


बेंच ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है और नगर निगम एशिया की सबसे अमीर संस्थाओं में से एक है। फिर भी सड़कों की हालत खराब है। यह किसी भी तरह से सही नहीं है।

अच्छी और सुरक्षित सड़कें नागरिकों का मौलिक अधिकार हैं, जो संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन के अधिकार) के तहत आती हैं। खराब सड़कें न सिर्फ जानलेवा हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर भी बुरा असर डालती हैं।



## हैप्पी मॉर्निंग


चार दोस्त होटल में खाना खाने के बाद बिल देने को लेकर आपस में उलझ पड़े... आखिर में तय हुआ कि जो होटल का चक्कर लगाकर सबसे पहले आएगा, वो बिल देगा। मैनेजर ने सीटी बजाई, चारों भाग पड़े... 10 दिन हो गए, मैनेजर आज भी उनका इंतजार कर रहा है...!



## शायरी

कॉलेज के सब बच्चे चुप हैं
काग़ज़ की इक नाव लिए
चारों तरफ़ दरिया की सूरत
फैली हुई बेकारी है

## अर्थसार



संसेक्स:
82,029.98
-297.07 (0.36%))
निफ्टी:
25,145.50
-81.85

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 18 डिग्री से0 |
| सूर्योदय गुरुवार | : | 6 : 28 |
| सूर्यास्त बुधवार | : | 6 : 14 |

# संपादकीय

## बढ़ती महंगाई के कारण बाजार से गायब है दिवाली की रौनक



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दिवाली, भारत का सबसे प्रिय त्योहार, हमेशा से रोशनी, खुशी और बाजार की चहल-पहल का प्रतीक रहा है। घरों में दीये जलते हैं, पटाखों की धमक सुनाई देती है, मिठाइयों की मिठास हवा में बसी रहती है और बाजारों में खरीदारी की होड़ लग जाती है। लेकिन इस वर्ष, 2025 में, यह रौनक कहीं खो सी गई है। बाजार सूने पड़े हैं, दुकानदार चिंतित हैं और उपभोक्ता सतर्क। कारण ? बढ़ती महंगाई। सितंबर 2025 में खुदरा महंगाई दर 1.54 प्रतिशत पर आ गई, जो 2017 के जून के बाद सबसे कम है, लेकिन त्योहारी सीजन में भी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों ने आम आदमी की जेब को ढीली कर दिया है। आइए, इस समस्या की जड़ों को समझें और देखें कि कैसे यह दिवाली की चमक को फीका कर रही है।

महंगाई के बढ़ने के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे बड़ा कारण वैश्विक संघर्ष और ईंधन की बढ़ती कीमतें हैं। 2025 में रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व में तनाव ने तेल की कीमतों को आसमान छू लिया। भारत, जो 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसकी मार सीधे महसूस कर रहा है। पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गए, जिससे परिवहन लागत बढ़ी और हर वस्तु महंगी हो गई। इसके अलावा, खाद्य महंगाई ने घरेलू बजट को चूना लगा दिया। गर्मियों में हीटवेव ने फसलों को नुकसान पहुंचाया, जिससे सब्जियों, फलों और अनाज की कीमतें 10-15 प्रतिशत ऊपर चढ़ गईं। विश्व स्तर पर खाद्य तेलों की कीमतों में उछाल आया, जो भारत के आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए अभिशाप साबित हुआ।

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, मांग में वृद्धि भी एक प्रमुख वजह है। कोविड के बाद आर्थिक सुधार से उपभोक्ता विश्वास बढ़ा, लेकिन मजदूरी वृद्धि के बिना यह मांग कीमतों को भड़काने वाली साबित हुई। आरबीआई की रिपोर्ट बताती है कि 2025 की पहली तिमाही में खुदरा बिक्री में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, लेकिन आय वृद्धि केवल 7 प्रतिशत रही। नतीजा ? महंगाई की चक्रवृद्धि। इसके अतिरिक्त, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं—जैसे बंदरगाहों पर देरी और कृषि में कम उत्पादन—ने कीमतों को और ऊंचा कर दिया। सितंबर में थोक मूल्य सूचकांक (ड्ढ्रक्क्ढ्ढ) महंगाई 0.13 प्रतिशत पर आ गई, लेकिन खाद्य और ईंधन क्षेत्र में दबाव बरकरार है। ये कारक न केवल दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि त्योहारों की आर्थिक गतिविधि को भी ठप कर रहे हैं।

दिवाली के बाजारों पर इस महंगाई का असर स्पष्ट दिख रहा है। आमतौर पर, दिवाली पर बाजारों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होता है, लेकिन इस बार अनुमानित 20-25 प्रतिशत की कमी है। दिल्ली के सदर बाजार और मुंबई के क्रॉफर्ड मार्केट जैसे प्रमुख केंद्रों में दुकानदार बताते हैं कि ग्राहक कम आ रहे हैं। मिठाई की कीमतें 15 प्रतिशत बढ़ गईं, पटाखों पर 10 प्रतिशत टैक्स और महंगे कच्चे माल ने दामों को 20-30 प्रतिशत ऊंचा कर दिया। सोने-चांदी का बाजार, जो दिवाली का अभिन्न अंग है, सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। 2025 में सोना 47 प्रतिशत और चांदी 52 प्रतिशत महंगे हो चुके हैं। 24 कैरेट सोने की कीमत 1,21,525 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गई, जबकि चांदी 1,64,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। नतीजा ? भारी गहनों की मांग 27 प्रतिशत गिर गई। लोग अब 2-5 ग्राम के सिक्के या हल्के गहने खरीद रहे हैं, क्योंकि मेकिंग चार्ज से बचत होती है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, दिवाली से पहले तीन हफ्तों में ज्वेलरी बिक्री में भारी गिरावट आई है।

कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान के बाजार भी मंदी के शिकार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स जैसे फ्लिपकार्ट और अमेज़न ने सेल चलाई, लेकिन ऑफलाइन बाजार सूने हैं। एक सर्वे के मुताबिक, 60 प्रतिशत उपभोक्ता ने खरीदारी 20 प्रतिशत कम कर दी। महंगाई ने निम्न और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति छीन ली। एक परिवार जो पहले 50,000 रुपये खर्च करता था, अब 30,000 में ही सीमित हो गया। दुकानदारों का कारोबार घटा, जिससे नौकरियां खतरे में पड़ गईं। हालांकि, कुछ राहत के संकेत हैं। सितंबर में सब्जियों, दालों और फलों की कीमतें गिरीं, जिससे खाद्य महंगाई -0.69 प्रतिशत पर आ गई। जीएसटी कटौती ने आवश्यक वस्तुओं को सस्ता किया, और आरबीआई ने ब्याज दरें स्थिर रखीं। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (ष्ठ) 3 प्रतिशत बढ़ाकर 58 प्रतिशत किया, जो 49 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनभोगियों को लाभ देगा। यह त्योहारी सीजन में थोड़ी राहत है, लेकिन पर्याप्त नहीं।

महंगाई का यह बोझ केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। दिवाली की रौनक गायब होने से सांस्कृतिक परंपराएं प्रभावित हो रही हैं। परिवारों में उपहारों और उत्सव की बजाय बचत का माहौल है। विशेषज्ञ चेताते हैं कि यदि महंगाई 4 प्रतिशत लक्ष्य से ऊपर रही, तो 2026 में विकास दर 6.7 प्रतिशत से नीचे गिर सकती है। समाधान ? सरकार को कृषि उत्पादकता बढ़ाने, आयात शुल्क कम करने और सब्सिडी मजबूत करने की जरूरत है। आरबीआई को ब्याज दरें समायोजित करनी चाहिए। उपभोक्ताओं को बजट प्लानिंग और स्थानीय उत्पादों पर जोर देना चाहिए।

अंत में, दिवाली हमें सिखाती है कि अंधेरे के बाद रोशनी आती है। बढ़ती महंगाई ने इस बार बाजार की रौनक छीन ली, लेकिन आशा की किरण बाकी है। यदि नीतिगत कदम मजबूत हुए, तो अगली दिवाली अधिक चमकदार होगी। आइए, इस त्योहार पर एकजुट होकर आर्थिक स्थिरता की कामना करें।

## जोखिमभरी शांति

अब भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दंभी तेवरों की तर्ज पर लाख दावे करते रहें कि गाजा युद्ध समाप्त हो गया है। मगर हकीकत है कि एक छोटी सी चिंगारी भी युद्ध को भड़का सकती है। एक हकीकत है कि दो साल से जारी युद्ध में जहां एक ओर भले ही गाजा पूरा तबाह हो गया हो, लेकिन इसके बावजूद हमास के लड़ाके पीछे हटने को तैयार नहीं दिखे। उनके पास ट्रंप के भारी दबाव व परिस्थितियों के चलते शांति समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प बचा ही नहीं था। वहीं दो साल तक युद्ध लड़ते-लड़ते इस्राइली सेना में भी थकान देखी गई थी, साथ ही आतंरिक दबाव युद्ध रोकने के लिये प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भी बराबर बना हुआ था। ट्रंप के बड़बोले दावों को पश्चिमी एशिया और शेष दुनिया बेशक गंभीरता से न लेती रही हो, लेकिन अब एक हकीकत सामने है कि उनके हस्तक्षेप ने गाजा में फिलहाल तोपों को शांत किया है। डोनाल्ड ट्रंप का सोमवार को इस्राइल में एक नायक जैसा स्वागत किया गया। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में, बहुत संभव है कुछ हफ्तों में हो। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है। कहना मुश्किल है कि आने वाले वक्त में इस्राइल की निरंकुशता पर किसी हद तक अंकुश लग पाता है, ताकि गाजा के लोग फिर से सामान्य जीवन की कोशिश में किसी हद तक सफल हो सकें।

# इस्राइल-हमास युद्धविराम: आशा की किरण या अस्थायी विराम?

- ललित गर्ग -



गाज़ा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है?

समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा।

जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।

यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं ?

इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा ?

इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाज़ा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है।

इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक 'आशा की किरण' बनकर उभरा है।

यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है।

फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी।

यह विराम किसी की कूटनीति की जीत से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाज़ा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागज़ों पर दर्ज रहेगी।

वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे।

भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए।

यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अरब लीग और विश्व की सभी बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे इस युद्धविराम को केवल घोषणा भर न रहने दें। उसे स्थायी बनाने के लिए एक ठोस मानवीय पुनर्निर्माण योजना तैयार की जाए, जिसमें राजनीतिक समाधान, मानवीय सहायता और संवाद-तीनों को समान महत्व मिले। गाज़ा के बच्चे जब फिर से स्कूलों में लौटेंगे, जब शरणार्थी अपने घरों में बस सकेंगे, जब भय की जगह भरोसा जन्म लेगा, तभी यह कहा जा सकेगा कि गाज़ा में शांति आई है। इजरायल को यहां ज्यादा उदारता का परिचय देना होगा, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बहुत ताकतवर है।


हमास को भी हिंसा से बचना चाहिए। द्वि-राष्ट्रीय व्यवस्था को जमीन पर ठीक से साकार करना हमास का लक्ष्य होना चाहिए ।

हमास को अपनी छवि सुधारने की चिंता करनी चाहिए, अगर उस पर यकीन किया गया है, तो उसे खरा उतरना होगा। गाजा में किसी भी सूरत में हिंसा की वापसी नहीं होनी चाहिए।

आज यह युद्धविराम भले ही 'एक आशा की किरण' बना हो, परंतु उसे स्थायी प्रकाश में बदलना विश्व समुदाय के विवेक, संवेदनशीलता और सतत प्रयास पर निर्भर करता है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3681



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3680 का हल



## हंसी के फूव्वारें

क्या तुम मुझसे प्रेम करते हो ?
इसमें भी कोई सन्देह है.
'तो क्या तुम मेरे लिए मर भी सकते हो ?'
'नहीं प्रिय यह मेरा अमर प्रेम है.'

□ □ □

एक कुंवारी और कुंवारा घूम रहे थे कि तभी कुंवारी को जोर से खांसी आ गई, कुंवारा बोला-प्रिय तुम्हारे गले के लिए कुछ ले लूं क्या?
हां, वह मोतियों का हार जो सामने की दुकान पर है, कुंवारी बोली.

□ □ □

भगवान से सबकी रक्षा की विनती कर चुकने पर छोटे से मोहन ने कहा-मेहरबानी करके अपनी रक्षा भी करना यदि तुम्हें कुछ हो गया तो हमारा तो नाश हो जायेगा.

□ □ □

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे कब तक कड़वी दवा खानी पड़ेगी ?
डॉक्टर: जब तक मेरा बिल अदा न कर दोगे.

□ □ □

टिकटचेकर: बच्चा, टिकट दिखाओ.
साधु: हम तो साधु हैं, हमें टिकटों से क्या लेना-देना.
टिकटचेकर: तो क्या जिन्होंने टिकट ले रखे हैं वे सब क्या चोर-उचक्के हैं ?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3681



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की फिल्म-४
४. बी.आर. चोपड़ा की फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
६. अशोककुमार, संजीवकुमार, सुमिता सान्याल की फिल्म-४
७. फिल्म 'चाँद का टुकड़ा' में श्रीदेवी के साथ नायक कौन था-४
९. अयूब खान, आयशा जुल्का की 'ओ सरफि री ओ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'अंख लड़ती है तो लड़ने दे' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा रवीना की फिल्म-२
१२. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'मैं इश्क उसका' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. जॉन अब्राहम, उदिता गोस्वामी की 'अपनी चाहतों पे' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'एरी रे एरी क्या है पहेली' गीत वाली ऋतिक, जैकी, करीना की फिल्म-२
२०. अक्षय, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख के' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'पूरब और पश्चिम' का निर्माता निर्देशक, नायक कौन था-३
२४. सुनीलदत्त, वहीदा, आशा पारेख की 'इतना ना मुझसे तू प्यार बढ़ा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'चप्पा चप्पा चरखा' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३
२६. 'मिलती है जिंदगी में' गीत वाली फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'राजाजी' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
३१. अमिताभ, शशि, स्मिता की 'आज रपट जायें तो' गीत वाली फिल्म-३,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
२. बॉबी देओल, रानी की 'मिलने से डरता है दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'गुड मार्निंग इंडिया' गीत वाली फिल्म-२
४. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले गला ले' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
६. 'दिल में छुपा के प्यार का' गीतवाली फिल्म-२
७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
८. देव आनंद, माला सिन्हा की 'जारे जारे उड़ जारे पंछी' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१२. अजय, मास्टर सत्यजीत, अलका की 'एक तेरा साथ हमको' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'चोरों को सारे नजर' गीत वाली फिल्म-२,३
१६. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की 'ये सर्द आहें मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आज उनसे पहली मुलाकात होगी' गीत वाली राकेश रोशन, हेमा की फिल्म-३,२
१८. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई सजना' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'तुम्हे जिंदगी के उजाले मुबारक' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीना कुमारी की फिल्म-३
२३. प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२७. 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम ?-२
३०. अमिताभ वाली संजय लीला की फिल्म जिसमें रानी मुखर्जी मूक-बधिर बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3680



## सूडोकु -3681

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3680 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3681



**बाएँ से दाएँ**

1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली -3680 का हल



# नोएडा में 'पीपीपी' या 'बीओटी' पर बनेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

## बनाया जाएगा फाइंनेंशियली वाईबल, आईआईटी भेजा गया डिजाइन, इनडोर-आउटडोर दोनों तरह के खेल होंगे

**नोएडा।** खेलो इंडिया खेलों की तर्ज पर नोएडा के सेक्टर-123 में स्पोर्टस कांप्लेक्स बनाया जाना है। फाइंनेंशियली वाईबल बनाने के लिए इस कांप्लेक्स को पीपीपी या बीओटी बेस पर बनाया जा सकता है। इस पर अधिकारियों के बीच मंथन किया जा रहा है। बीओटी बेस कंपनी निर्माण करेगी। कुछ सालों तक इसका आपरेशन करेगी और बाद में प्राधिकरण को ट्रांसफर कर देगी।

इसमें कंपनी को विज्ञापन राइटस दिए जा सकते है। कंपनी को एक तय की गई राशि प्राधिकरण के देनी होगी। प्राधिकरण इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप में भी तैयार कर सकता है। हालांकि अधिकतर चांस बीओटी के है। इसी ओर प्राधिकरण कदम बढ़ा रहा है। स्पोर्टस कांप्लेक्स का डिजाइन को फाइनल करने के लिए इसे




आईआईटी दिल्ली भेजा गया है। वहां से इसी महीने डिजाइन आ जाएगा। इसके बाद स्पोर्टस कांप्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया को शुरू कराया जा सकता है।

स्पोर्टस कांप्लेक्स में इंडोर और आउटडोर स्टेडियम बनाने का बजट करीब 200 करोड़ तय किया गया है। बजट ज्यादा होने से ही इसे दोनों में से किसी एक मोड पर बनाने पर विचार है।

### पहले दो फेज में बनना था स्पोर्टस कांप्लेक्स

प्राधिकरण ने बताया कि जो डिजाइन पहले तैयार किया था उसके अनुसार प्रोजेक्ट दो फेज में तैयार होना था। डिजाइन के अनुसार दोनों फेज के लिए करीब 200 करोड़ खर्च होने थे। लेकिन अभी पहले फेज का काम होगा। पहले फेज में 70 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यहा स्पोर्टस कांप्लेक्स 26.47 एकड़ में बनाया जाएगा। पहला फेज 14.92 एकड़ का और दूसरा फेज 11.73 एकड़ का होगा।



### कांप्लेक्स में इंडोर स्पोर्ट्स सुविधाएं

बैडमिंटन
टेबल टेनिस
कुश्ती
स्कावयश

### आउटडोर स्पोर्टस सुविधाएं

क्रिकेट ग्राउंड
बॉलीबॉल
कबड्डी
लांग टेनिस
खो-खो
जेबलिन थ्रो

### जिमनास्ट की सुविधा

लांग जंप
हाई जंप
200 मीटर रेसिंग ट्रैक

### इन सेक्टरों और खिलाड़ियों को होगा फायदा

नोएडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के नाम पर सेक्टर-21ए स्टेडियम है। यहां भी अधिकांश सुविधाएं है। लेकिन भीड़ होने की वजह से खिलाड़ी को स्थान नहीं मिल पाता। ऐसे में नया बनाया जा रहा स्पोर्टस कांप्लैक्स काफी हद तक उभरते हुए खिलाड़ियों को सहुलियत देंगे। इसके अलावा सेक्टर-122, , पर्थला, सेक्टर-119, सेक्टर-121, सर्फाबाद और ग्रेनो वेस्ट के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# समाजसेवी चौधरी प्रवीण भारतीय को मिला डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर नेशनल अवार्ड






**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा चूहडपुर खादर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी एवं करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर पुरस्कार समारोह 2025 में ग्राम विकास,समाज सुधार,समाज सेवा,पर्यावरण के प्रति समर्पित कार्य करने पर संस्था के द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया की नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सभागार में आयोजित डॉक्टर बी आर अंबेडकर पुरस्कार समारोह 2025 में देश के विभिन्न राज्यों से आए विभिन्न प्रतिभाओं को डॉ बी.आर. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया।

चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि करप्शन फ्री इंडिया संगठन के बैनर तले वह पिछले 12 वर्षों से ग्राम विकास,समाज सुधार,समाज सेवा,पर्यावरण को बेहतर बनाने एवं भ्रष्टाचार अत्याचार शोषण के ख़िलाफ़ आंदोलन के माध्यम से लोगों को न्याय दिलाने का कार्य कर रहे हैं।

उनके इस कार्य को देखकर डॉ बी.आर. अंबेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन के द्वारा उन्हें यह अवार्ड देकर सम्मानित किया, उन्होंने बताया कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता कर्मठता,ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक गांव समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रहा है।

चौधरी प्रवीण भारतीय ने कहा कि यह अवार्ड संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को समर्पित है।

चौधरी प्रवीण भारतीय ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर स्पोर्ट्स फाऊंडेशन के अध्यक्ष मास्टर बी.के भारत,जनरल सेक्रेटरी उत्तम,डॉक्टर कृष्ण गोपाल, राजू भड़ाना,सुंदरम के पटेल आदि का आभार प्रकट किया।

## 29वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

**जेवर।** जेवर के जनता इंटर कॉलेज में मंगलवार को 29वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं के उत्साह और खेल प्रतिभा की सराहना की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देते, बल्कि जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर था, जिसे दर्शकों ने भी भरपूर समर्थन देकर बढ़ाया। आयोजन समिति ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पैसा डबल करने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

- 100 से अधिक लोगों से कर चुके हैं फ्रॉड, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर 10 के रहने वाले व्यक्ति से 18 महीने में रकम दोगुना करने के नाम पर 15 लाख रुपए हड़प लिए। मुनाफा समेत पूरी रकम नहीं लौटाने पर पीड़ित को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। पीड़ित के रकम मांगने पर आरोपित और उसके साथी धमका रहे हैं। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर फेज वन थाने में जानकार समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

हापुड़ के बहादुरगढ़ के सलारपुर गांव के रहने वाले सुमित कुमार सेक्टर 10 में रहते हैं। उनकी जान पहचान सेक्टर के ही रहने वाले सुदेश कुमार उर्फ टिल्लू से है। सुदेश अपने साथी कपिल, संजीव, धर्मपाल, अशोक, सुषमा व अशोक कुमार के साथ मिलकर सेक्टर में निफ्ट टेक ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी कार्यालय चलाता है। एक स्कीम के माध्यम से रकम लेकर शेयर मार्केट में निवेश कर 18 महीने में डबल करने का दावा करता है। कुछ समय पहले सुदेश ने स्कीम के बारे में सुमित को बताया।

### लुभावने ऑफर दिए

सुमित को निवेश करने के लिए उसने अपने साथियों को भेजकर लुभावने आफर दिए। सुमित को स्कीम से जोड़ने के लिए सहमत कर लिया। पीड़ित ने बातों में आकर आरोपित को 15 लाख रुपए दे दिए। मई में समय सीमा पूरी होने पर सुदेश से रकम मांगी तो वह टरकाने लगा। इसका विरोध किया तो आरोपित ने धमकाना शुरू कर दिया।

मूल देने से भी इनकार कर दिया। सुमित ने जानकारी की तो पता चला कि वह अकेला पीड़ित नहीं है बल्कि इनके झांसे में 100-200 लोग आ चुके हैं।

# नोएडा में युवक को कार से कुचलने की कोशिश

नोएडा। नोएडा में कार सवार ने युवक को कुचलने का प्रयास किया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि तीन युवक एक युवती कार के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान सामने आ रही एक तेज रफ्तार कार युवक के पास आकर ब्रेक लगाए। ब्रेक लगते तब तक युवक को टक्कर लग गई। हालांकि इस घटना में युवक को चोट नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि तीनों युवक पर्थला गांव के है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। कार को सीज कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि ये पूरी घटना सेक्टर-122 की है। यहां रहने वाले समय और प्रिंस के बीच पार्किंग को लेकर विवाद हुआ। समय, प्रिंस पक्ष के लोगों से बातचीत कर रहा था। इस दौरान पीछे से कार सवार ने तेजी से चलाते हुए ब्रेक लगाए और समय पर चढ़ाने का प्रयास किया। हालांकि इसमें समय को चोट नहीं लगी। ये पूरी घटना घर के बाहर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। साथ ही पीड़ित की ओर से शिकायत दी गई।

# यमुना प्राधिकरण ने 500 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त कराई

## टप्पल और हमीदपुर में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**गौतम बुद्ध नगर।** यमुना प्राधिकरण ने अलीगढ़ के टप्पल और हमीदपुर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण हटाते हुए लगभग 2.5 लाख वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 500 करोड़ रुपये से अधिक है। यह कार्रवाई जेवर एयरपोर्ट के आसपास अवैध कॉलोनियों के खिलाफ की गई।

यह अभियान यमुना विकास औद्योगिक विकास प्राधिकरण के नोटिफाई क्षेत्र में चलाया गया। प्राधिकरण की टीम ने कॉलोनाइजरों द्वारा किए गए अवैध निर्माण और



अनधिकृत कॉलोनियों को ध्वस्त किया।

यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध निर्माण और भूमि कब्जे को रोकने के लिए प्राधिकरण के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए। यीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नोटिफाई क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई से न केवल करोड़ों की संपत्ति मुक्त हुई है, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी राहत मिली है। यह कदम उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का भी प्रतीक है।

स्थानीय प्रशासन और पुलिस की सहायता से चलाए गए इस ऑपरेशन में किसी प्रकार की हिंसा या विरोध की स्थिति सामने नहीं आई।

# अंकित चौहान मर्डर केस में दो को उम्र कैद

## दिल्ली सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुनाया, 2015 में फॉरच्यूनर कार लूटने के प्रयास में गोली मारी थी

**नोएडा।** दिल्ली की सीबीआई की विशेष अदालत ने सोमवार को बहुचर्चित अंकित चौहान हत्याकांड में दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

दोनों को अदालत ने 20 सितंबर को दोषी करार दिया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर चौहान की नोएडा में फॉरच्यूनर कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अदालत ने आरोपी शशांक जादोन और मनोज कुमार को दोषी ठहराते हुए क्रमश: 70 हजार और 50 हजार रुपए के जुर्माने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों को अदालत ने 20 सितंबर को दोषी करार दिया था।

### 13 अप्रैल 2015 को मारी थी गोली

यह मामला 13 अप्रैल 2015 का है। नोएडा के सेक्टर-76 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंकित चौहान की फॉरच्यूनर कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

हत्या के बाद मामला उत्तर प्रदेश पुलिस से हटाकर इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपा




गया। सीबीआई ने 14 जून 2016 को यह केस दर्ज किया था।

### 2019 में केस दिल्ली सीबीआई कोर्ट गया

लंबी जांच के बाद सीबीआई ने एक और दो जून 2017 को क्रमश: शशांक जादोन और मनोज कुमार को गिरफ्तार किया।

दोनों के खिलाफ हत्या, लूट के प्रयास, आपराधिक साजिश और सबूत नष्ट करने के आरोपों में 29 अगस्त 2017 को गाजियाबाद की अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया।

बाद में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर दो अगस्त 2019 को केस की सुनवाई गाजियाबाद से स्थानांतरित कर नई दिल्ली कर दिया गया। ट्रायल पूरी होने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### हाथ पर बने टैटू से पकड़ा गया

घटना के 25 महीने तक नोएडा पुलिस, एसटीएफ और सीबीआई को छकाने वाला मुख्य आरोपी शशांक हाथ पर बने टैटू और संदिग्ध वाहन नंबर की वजह से पकड़ा गया था। एसटीएफ नोएडा की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी शशांक जादौन बीटेक इंजीनियर था और रियल एस्टेट ब्रोकरेज का काम करता था।

आर्थिक मंदी में भारी नुकसान होने पर उसने अपराध की राह पकड़ी थी। उसकी मुलाकात पंकज नामक युवक से हुई, जिसने सुझाव दिया कि फॉरच्यूनर कार लूटकर मोटी रकम हासिल की जा सकती है।

## ग्रेटर नोएडा की भावना चौधरी बनीं फ्लाइट इंजीनियर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के मुतैना गांव की भावना चौधरी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एयर विंग में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बन गई हैं। मंगलवार शाम को गांव पहुंचने पर उनका बीकेयू भानू के जिलाध्यक्ष राजकुमार नागर सहित क्षेत्र के लोगों ने फूलमाला पहनाकर सम्मान किया। इंस्पेक्टर भावना चौधरी ने बीएसएफ की 50 वर्ष से अधिक पुरानी एयर विंग में यह उपलब्धि हासिल की है। यह पदोन्नति बीएसएफ के एमआई-17 हेलीकॉप्टर फ्लीट में फ्लाइट इंजीनियरों की कमी को पूरा करने के लिए शुरू किए गए पहले इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद मिली है। उन्होंने अगस्त में शुरू हुए दो महीने के इन-हाउस प्रशिक्षण कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसमें 130 घंटे की स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग शामिल थी। इस दौरान उन्हें पंजाब और अन्य राज्यों में हाल ही में हुए बाढ़ राहत अभियानों में वास्तविक उड़ान का अनुभव भी मिला। बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने उन्हें फ्लाइंग बैज प्रदान किया। भावना चौधरी मूल रूप से मुतैना गांव की निवासी हैं।

# ग्रेटर नोएडा सोसायटी में पोस्टर फाड़ने पर केस दर्ज

## 11 लोगों के खिलाफ शिकायत, अवैध पीजी-हॉस्टल संचालन का आरोप




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की सुपरटेक अपकंट्री सोसायटी में पोस्टर फाड़ने के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ मंगलवार शाम केस दर्ज किया है। ये पोस्टर अवैध रूप से संचालित पीजी और हॉस्टल में प्रवेश रोकने के लिए लगाए गए थे। अपकंट्री वेलफेयर एसोसिएशन की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 17ए स्थित इस सोसायटी में कई परिवार रहते हैं। एसोसिएशन का आरोप है कि अवैध पीजी और हॉस्टल के कारण रात के समय असामाजिक तत्व सोसायटी में प्रवेश करते हैं, जिससे निवासियों को परेशानी होती है। स्थानीय निवासियों ने पहले भी इन अवैध संचालनों का विरोध किया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। रविवार रात को सोसायटी के गेट पर हॉस्टल और पीजी में प्रवेश रोकने संबंधी पोस्टर लगाए गए थे। आरोप है कि देर रात अवैध रूप से हॉस्टल और पीजी चलाने वाले लोगों ने इन पोस्टरों को फाड़ दिया। जब निवासियों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच की और महिलाओं से भी अभद्रता की। पुलिस ने अपकंट्री वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की शिकायत पर मनीष नागर, सुशील भाटी, राघव और दीपक नागर सहित चार नामजद और सात अन्य, कुल 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## 2 लाख रुपए के अवैध पटाखों के साथ एक गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में अवैध पटाखों की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नॉलेज पार्क पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 2 लाख रुपये मूल्य के 30 कार्टून अवैध पटाखे और एक लोडर गाड़ी बरामद की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति दीपावली से पहले अवैध रूप से पटाखे बेचने जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लक्ष्मीनगर निवासी सोनू के रूप में हुई है। उसे बैंक्शन अस्पताल के पास से पकड़ा गया। बरामद 30 गत्ते के कार्टूनों में विभिन्न कंपनियों के अवैध पटाखे भरे हुए थे। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी सर्वेश सिंह ने बताया कि दीपावली से पहले अवैध पटाखों की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में इस तरह के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, क्योंकि आरोपी दीपावली पर मोटा मुनाफा कमाने के लिए यह काम कर रहा था।

## दनकौर बाईपास रोड पर सीवर ओवरफ्लो

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में बाईपास रोड पर सीवर लाइन ओवरफ्लो होने से सड़क पर कई फीट तक पानी भर गया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पंचायत अधिकारियों को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कस्बावासियों, जिनमें गौरव, मनोज, दिनेश और त्रिलोक शामिल हैं, ने बताया कि पिछले कई दिनों से सीवर नालियों की सफाई नहीं हुई है। इसी कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य सड़क पर फैल गया है। यह सड़क यमुना और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे को जोड़ती है, जहां दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। पानी भरने से वाहन अक्सर फंस जाते हैं, और दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल हो रहे हैं। इस स्थिति से यातायात भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनकी शिकायतों के बावजूद नगर पंचायत इस समस्या के प्रति उदासीन बनी हुई है।

## नोएडा में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के असगरपुर गांव में भूखंड के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की महिला समेत तीन लोगों पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाने में दी शिकायत में दानिश सैफी ने बताया कि उसका गांव में भूखंड है। सोमवार रात दो बजे संचित अन्य लोगों के साथ आया और भूखंड के एक तरफ दीवार खड़ी करने लगा। सूचना मिलते ही दानिश, उसकी मां जमीला और भाई जाहिद और साहिल भी मौके पर पहुंच गए। यहां संचित पक्ष ने दानिश पक्ष के लोगों के साथ गाली गलौज करनी शुरु कर दी। विरोध करने पर जाहिद, साहिल और जमीला पर लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर दिया गया। मारपीट में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दो के हाथ भी टूट गए। तीनों के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। शोर शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर दानिश पक्ष के लोगों की किसी तरह जान बची।

## ग्रेटर नोएडा : यूनिवर्सिटी के खिलाफ धरने पर बैठे किसानों की पुलिस से कहासुनी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रौनीजा गांव में जेबीएम यूनिवर्सिटी के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को पुलिस से कहासुनी के बाद गरमा गया। किसानों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी के धूल भरे डंपरों से क्षेत्र में गंभीर प्रदूषण फैल रहा है, जिस पर पुलिस-प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर स्योराज ने आरोप लगाया कि पुलिस यूनिवर्सिटी प्रबंधन के दबाव में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जानबूझकर धूल भरे डंपरों की आवाजाही करवाकर किसानों पर धरना खत्म करने का दबाव बना रही है। स्योराज ने स्पष्ट किया कि जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। किसानों ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के सख्त नियम लागू हैं। इसके बावजूद जेबीएम यूनिवर्सिटी के डंपर खुलेआम धूल फैलाकर इन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी प्रदूषण नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की बजाय आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

## कारोबारी से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली की पुलिस ने कारोबारी की फैक्टरी में चिट्ठी भेजकर रंगदारी की साजिश रचने वाले आरोपी को गिरफ्तार लिया। आरोपी ने कारोबारी को डराने के लिए चिट्ठी में 50 लाख रुपये देने की बात लिखी थी। पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। कासना कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के कारोबारी चंद्र प्रकाश गोस्वामी ने औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी खरीदी है। कारोबारी ने यह फैक्टरी संदीप और उनके जीजा सुमंत से खरीदी थी। फैक्टरी में रविवार को एक सुरक्षाकर्मी को एक चिट्ठी पड़ी मिली, जिसमें कारोबारी चंद्र प्रकाश का नाम लिखा था और उनसे 50 लाख रुपये की मांग की गई थी।रंगदारी न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। चंद्र प्रकाश ने तुरंत मामले की शिकायत पुलिस से की। कासना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सूचना पर तत्काल काम शुरू किया गया। सीसीटीवी व सर्विलांस की मदद से रंगदारी की साजिश रचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ा गया आरोपी फैक्टरी बेचने वाले संदीप का जीजा सुमंत है।

## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 61 लाख ऐंठे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर कारोबारी से 61 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने पांच बैंक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-143 निवासी प्रथम अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि इसी साल अप्रैल में उन्होंने निवेश संबंधी विज्ञापन सोशल मीडिया पर देखा। ज्यादा जानकारी एकत्र करने के प्रयास में उन्हें एक लिंक मिला। इस पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप में जुड़ गए। ग्रुप में कई अन्य सदस्य मौजूद थे।एक व्यक्ति यहां पर निवेश संबंधी जानकारी दे रहा था। उसके बताए अनुसार ग्रुप के सदस्य विभिन्न कंपनियों और शेयर बाजार में निवेश कर रहे थे और लगातार मुनाफा कमा रहे थे। सदस्यों द्वारा मुनाफे के स्क्रीनशॉट भी साझा किए जा रहे थे। यह सब देखकर प्रथम ने भी निवेश कर मुनाफा कमाने का सोचा। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति उनसे पर्सनल चैट पर बात करने लगा।

## डेंगू के आठ नए मरीज, चार सोसाइटियों को नोटिस

**नोएडा।** मलेरिया विभाग ने मंगलवार को डेंगू के आठ नए मरीजों की पुष्टि की। लार्वा मिलने पर चार सोसाइटियों को नोटिस जारी किया गया। उनसे सात दिनों में जवाब मांगा गया है। नए मरीजों में से दो का इलाज अस्पताल में चल रहा है। उनके घर और आसपास एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराया गया है। सभी मरीजों की हालत स्थिर है। डेंगू के सामान्य लक्षण हैं। मरीजों की कुल संख्या 473 हो गई है। सितंबर के मुकाबले अक्तूबर में मरीजों की संख्या में कमी आई है। डेंगू के मुकाबले मलेरिया के मरीजों की संख्या काफी कम है। अबतक मलेरिया के 169 मरीज मिले हैं।सभी स्वस्थ हो चुके हैं। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि प्रत्येक दिन एंटी लार्वा दवाओं के छिड़काव के साथ ही निरीक्षण भी नियमित रूप से चल रहा है। मच्छरों के लार्वा और जल भराव पर चार सोसाइटियों को नोटिस मलेरिया विभाग ने सोमवार और मंगलवार को कई सोसाइटियों का निरीक्षण किया। सेक्टर-137 स्थित पारस टिएरा, सेक्टर-41 स्थित पीजी, सेक्टर-75 के एम्स गोल्फ व्यू और सेक्टर-110 स्थित लोटस पनाशे सोसाइटी एओए को नोटिस जारी किया गया। इन स्थानों पर जलभराव और मच्छरों के लार्वा मिले।

# मिशन शक्ति अभियान और साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनपदभर में चला जागरूकता अभियान

### महिलाओं, बालिकाओं और छात्रों को दी गई सुरक्षा, स्वावलंबन और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी





**पीलीभीत।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 और साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को विभिन्न स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं और छात्रों को आत्मरक्षा, सुरक्षा व डिजिटल सतर्कता के प्रति जागरूक बनाना रहा।
कार्यक्रमों के दौरान एंटी रोमियो टीम, मिशन शक्ति टीम और थाना पुलिस ने विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं व किशोरियों को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसी महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं की जानकारी दी।
टीमों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।
इसी क्रम में थाना जहानाबाद क्षेत्र में जनपदीय साइबर क्राइम टीम और साइबर हेल्प डेस्क टीम ने गवर्नमेंट इंटर कॉलेज जहानाबाद में छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में बताया। टीम ने फिशिंग कॉल, फेक लिंक, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, ओटीपी फ्रॉड जैसी घटनाओं के उदाहरण देकर विद्यार्थियों को सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही cybercrime.gov.in पोर्टल और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई।
वहीं थाना सुनगढ़ी पुलिस की साइबर टीम ने ग्राम बरहा स्थित कैम्पोजिट विद्यालय में छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के लिए शॉर्ट मूवी दिखाकर जागरूक किया।
इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि इंटरनेट पर किसी भी अनजान लिंक या कॉल से सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस या साइबर हेल्पलाइन पर दें।
इसके साथ ही थाना दियोरिया कलां पुलिस ने ग्राम दियोरिया कलां में आयोजित रामलीला मेले के दौरान आमजन को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए जागरूकता फिल्म का प्रदर्शन किया।
नागरिकों को बताया गया कि ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध का शिकार होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज करें ताकि धन की हानि रोकी जा सके।

# खाद न मिलने से भड़के किसान, सहकारी समिति पर किया प्रदर्शन

### सचिव और कर्मचारी ताला लगाकर भागे, डीएम से की शिकायत



**बीसलपुर।** ग्राम गुलेदा गौंटिया स्थित ग्यासपुर किसान सहकारी समिति पर मंगलवार को किसानों ने खाद वितरण न होने को लेकर जमकर हंगामा किया और प्रदर्शन कर विरोध जताया।
ग्रामीणों का आरोप है कि समिति के सचिव ने कई किसानों से खाद के वितरण हेतु धनराशि जमा कर ली थी, लेकिन उन्हें खाद नहीं दी गई। कई दिनों से चक्कर काट रहे किसानों का सब्र मंगलवार को टूट गया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए सचिव मुन्ना लाल पहले ही वहां से निकल गया, जबकि दूसरा कर्मचारी दीनदयाल ताला लगाकर भाग गया। प्रदर्शन का नेतृत्व हिंदू महासभा के महामंत्री अवनीश रतन ने किया। प्रदर्शनकारियों में बाबूराम वर्मा, महेंद्र मौर्य, द्वारिका प्रसाद, धर्मपाल वर्मा, राजीव कुमार, सत्यपाल, रामनिवास त्रिगुणायत और अखिलेश मिश्रा समेत दो दर्जन से अधिक ग्रामीण शामिल रहे।
ग्रामीणों ने समिति की कार्यप्रणाली की शिकायत जिलाधिकारी पीलीभीत से की है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# 16 अक्टूबर को होगा किसान दिवस, गांधी सभागार में आयोजित होगी बैठक

**पीलीभीत।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को आयोजित होने वाला किसान दिवस इस बार अपरिहार्य कारणों से गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गांधी सभागार में दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।
इस दौरान किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी और कृषि विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे।
वे किसानों को सरकारी योजनाओं, कृषि कार्यक्रमों और नई तकनीकों के बारे में जानकारी देंगे तथा किसानों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करेंगे।
कृषि विभाग ने जिले के सभी कृषक भाइयों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में किसान दिवस में शामिल होकर अपनी समस्याओं को रखें और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।
प्रशासन का उद्देश्य किसानों की आवाज़ सीधे जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचाना और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।


# पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई होगी, कृषकों को किया गया जागरूक

### एनजीटी आदेश के पालन में किसानों से अपील फसल अवशेष न जलाएं

**पीलीभीत।** एनजीटी के शासनादेश दिनांक 13 नवंबर 2017 के अनुपालन में जनपद प्रशासन ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जागरूक करने और पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसानों को सलाह दी गई है कि कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर एसएमएस, स्ट्रारीपर, स्ट्रारेक, बेलर, मल्चर, पैडी स्ट्राचॉपर, श्रबमास्टर, रोटरी स्लेशर, रिवर्सिबल एम.बी. प्लाऊ आदि यंत्रों का उपयोग करें, ताकि पराली कटाई के समय ही खेत में समाहित की जा सके।
उन्होंने कहा कि कम्बाइन संचालक यह सुनिश्चित करें कि कटाई के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्रों का उपयोग अवश्य किया जाए, अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
जो किसान जीरो टिल सीड कम फर्टी ड्रिल, हैपी सीडर, सुपर सीडर या डिकम्पोजर का प्रयोग करना चाहते हैं, वे अपने उप कृषि अधिकारी को यह घोषणा पत्र दें कि वे पराली नहीं जलाएंगे।
वर्ष 2023 में पराली जलाने पर 75 किसानों से 2,10,000 और वर्ष 2024 में 18 किसानों से 72,500 अर्थदंड वसूला गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी किसान द्वारा पराली जलाने की घटना सामने आती है तो उसे निम्नानुसार अर्थदंड भुगतना होगा।
2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 5,000 प्रति घटना
2 से 5 एकड़ क्षेत्र के लिए 10,000 प्रति घटना
5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 30,000 प्रति घटना
कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि पराली जलाने की बजाय उसे मिट्टी में मिलाकर कम्पोस्ट खाद बनाएं या गौशालाओं में उपयोग हेतु दें, जिससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी।

# मिशन शक्ति, एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक

### महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए सतत प्रयास



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विविध जनजागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाएँ आयोजित की जा रही हैं।
इस अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा अधिकारों तथा सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया जा रहा है।
कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के उपाय, तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई।
उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कहीं छेड़छाड़ या उत्पीड़न जैसी घटनाएँ घटित हों, तो डरने के बजाय तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल करें या नजदीकी थाना पर जाकर एफआईआर दर्ज कराएं। महिलाओं/बालिकाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (जैसे- व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया।
साथ ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## पच्चीस हजार का इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर अभिजीत आर शंकर के द्वारा लगातार अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश एवं नियंत्रण के क्रम में दिए जा रहे निर्देश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे तथा स्वाट पुलिस टीम के संयुक्त कार्रवाई में 25000 का इनामियां गोवध अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में बरसों से वांछित आरोपी खरपत्तू को गिरफ्तार करने में संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।क्षेत्राधिकार भीटी लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध 2022 में मुकदमा अपराध संख्या 113/22 कोतवाली भीटी पर दर्ज किया गया था,तब से लेकर अभी तक इसकी तलाश की जा रही थी।आरोपी अत्यंत शातिर होने के नाते लगातार पुलिस को चकमा देता रहा। परिणाम स्वरुप आरोपी को 25000 का इनामिया भी घोषित कर दिया गया था,परंतु इतने पर भी वह पुलिस पकड़ से दूर रहा।उन्होंने बताया कि खरपत्तू पुत्र युनुस मूल रूप से आजमगढ़ जनपद के पीठापुर खजुरी गांव का निवासी है उसके पिता का नाम यूनुस है। उक्त शातिर वांक्षित को पकड़ने के लिए जनपद की स्वाट पुलिस टीम और भीटी पुलिस अथक प्रयास कर रही थी।प्रभारी निरीक्षक भीटी अमित कुमार पांडे और स्वाट पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में मंगलवार को उसे विशही नदी के इनौना घाट जमोली गंज बाजार के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया।

# कन्नौज में लाखों की सरकारी दवाएं कूड़े में मिलीं

**कन्नौज।** कन्नौज में लाखों रुपए मूल्य की सरकारी दवाएं कूड़े में पड़ी मिली हैं। इनमें बड़ी मात्रा में बुखार के सीरप, इंजेक्शन और टैबलेट शामिल हैं, जिनकी मियाद (एक्सपायरी डेट) खत्म हो चुकी है। ये दवाएं शहर के पाल चौराहे के पास फेंकी गईं। सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर जांच के करने के लिए पहुंच गए।
सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि इन दवाओं के स्रोत का पता लगाया जाएगा और मामले की पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी। उन्होंने इस घटना को गंभीर बताया। हालांकि, उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों का बचाव करते हुए यह संभावना भी जताई कि ये दवाएं किसी अन्य जनपद से लाकर यहां फेंकी गई हो सकती हैं। मामले की विस्तृत जांच जारी है।
सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि अस्पतालों से निकलने वाले कचरे और दवाओं के निस्तारण के लिए बीएमडब्ल्यू का टेंडर बिल वर्ल्ड कम्पनी की है।
जोकि दवाओं और कचरे को कानपुर ले जाकर निस्तारित करते हैं। लेकिन ये दवाइयां यहां कैसे पहुंची, इसकी जांच कराई जाएगी।

# निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान के लिए पोलिंग पार्टिंया हुईं रवाना

### प्रत्येक मतदान केन्द्र पर रहेगा पुलिस का कड़ा पेहरा, सीसीटीवी से होगी निगरानी




**ललितपुर।** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद उप निर्वाचन-2025 के अंतर्गत 15 अक्टूबर को जनपद के 136 पोलिंग बूथों पर होने वाले मतदान के लिए आज मंगलवार को सभी पोलिंग पार्टिंयों को अमरपुर मण्डी स्थल से रवाना किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व प्रभारी अधिकारी कार्मिक शेषनाथ चौहान की मौजूदगी अमरपुर मण्डी स्थल पर बनाये गए स्ट्रॉग रुम से पोलिंग पार्टियों ने अपने-अपने पोलिंग बूथ की मतपेटिकाएं व मतदान सामग्री प्राप्त की और उनके लिए निर्धारित बस में बैठकर रवाना हुए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने निर्देश दिये कि शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां मतदान केन्द्रों पर पहुंचेगी, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों के मतदेय स्थलों पर पहुंचने के बारे में रिपोर्ट करेंगे। मतदान केन्द्रों पर ही मतदान कार्मिक ठहरेंगे और आपसी समन्वय के साथ निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान करायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियां अपने अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर प्रशिक्षण में दिये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे, इस दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति या राजनैतिक दल का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे और न ही उनके सम्पर्क में रहेंगे। मतदान के दौरान मतदाताओं के साथ मधुर व्यवहार करें, साथ ही किसी भी मतदान प्रक्रिया में अधिक समय ना लगाएं। मतदान के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं, सीसीटीवी कैमरे व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, इसलिए बिना किसी दबाव में आए, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान करायें। उन्होंने कहा कि मतदान के उपरान्त मतपेटियों को अमरपुर मण्डी में बने स्ट्राँग रुमों में रखा जाएगा।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा ने की तीन फेस लिफ्ट मॉडल की लॉन्चिंग

### एडिशनल एसपी के साथ सीईओ अमित सिंह ने की लॉन्चिंग

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा के डीलरशिप अमित मोटर्स ने सोमवार को तीन शानदार फेसलिफ्ट मॉडल महिंद्रा थार,बोलेरो और बोलेरो नियो लॉन्च किया। उक्त लॉन्चिंग के अवसर पर मुख्य अतिथि के लिए पधारे जिले के एएसपी हरेंद्र कुमार सिंह के साथ बहुत से गणमान्य व्यक्तियों,ग्राहकों की गरिमामई उपस्थिति रही।नई थार में 10.25-इंच की टचस्क्रीन,पावर विंडो और रियर एसी वेंट जैसे नए फीचर्स जोड़े गए हैं,जबकि बोलेरो में 17.8 सेमी का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम,SB टाइप-C पोर्ट,स्टीयरिंग-माउंटेड ऑडियो कंट्रोल्स और राइड फ्लो सस्पेंशन जैसी टेक्नोलॉजी जोड़ी गई है।इसके अलावा नए डिज़ाइन और नए टॉप वेरिएंट के साथ अपडेटेड लुक भी दिया गया है।
तीनों ही वाहनों को ग्राहकों की जरूरतों और आधुनिक रुझानों को ध्यान में रखते हुए नए लुक,अपडेटेड फीचर्स और आकर्षक कीमतों के साथ लाया गया है। अमित मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय घई और सीईओ अमित सिंह ने कहा कि यह प्राइस रेंज वास्तव में सभी ग्राहकों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उम्मीद है कि इन तीनों मॉडलों के लिए भारी संख्या में बुकिंग्स प्राप्त होंगी,क्योंकि ग्राहकों की इन वाहनों के प्रति इंक्वायरी और रुचि पहले से ही बहुत अधिक है।

## आगरा में एडीए की टीम का ग्रामीणों ने किया विरोध

**एत्मादपुर।** आगरा में इनर रिंग रोड परियोजना के तहत रहनकला और रायपुर गांव में भूमि अधिग्रहण के लिए पहुंची आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) की टीम को मंगलवार शाम ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया, जिसमें महिलाओं ने जेसीबी मशीनों के आगे लेटकर कब्जा प्रक्रिया को रोक दिया। एडीए की टीम जैसे ही जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंची, ग्रामीण एकजुट हो गए। महिलाएं हाथों में डंडे लेकर खेतों में उतर आईं और जेसीबी के सामने लेट गईं, जिससे तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई।

# ग्यारह बकरियों की अचानक मौत, एक की हालत नाजुक

**विशाल इंडिया पूनम तिवारी**



**अंबेडकर नगर।** जनपद अंबेडकर नगर के महरुआ थाना क्षेत्र स्थित अंतरौरा गांव अचानक हलचल तेज हो गई,जब यह पता चला कि खेत में चरने गई 11 बकरियां अचानक मर गई।
प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्बल निषाद जो की बकरी पालन का कार्य करते हैं,बकरियों के चराने के लिए कटे हुए धन के खेत में गए थे,इसी दौरान बकरियों की हालत अचानक बिगड़ने लगी वह कुछ कर पाते कि ताबड़तोड़ ग्यारह बकरियों की मौत हो गई,घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई,जो जहां जैसे था घटनास्थल की ओर भाग ।ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचना दी गई तो महरुआ थाना क्षेत्र की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।
पुलिस प्रशासन महरुआ के द्वारा पशु चिकित्सा विभाग भीटी को बताया गया जिसके बाद पशु चिकित्सा टीम मौके पर पहुंच गई प्रारंभिक जांच में बकरियों की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है ।वास्तविक कारण का पता मरी हुई बकरियों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।
उक्त घटना से गांव में बकरी पालन करने वाले डब्बल निषाद के प्रति लोगों में भारी सहानुभूति है।
पीड़ित परिवार अचानक हुए इतने बड़े नुकसान से सदमे में डूब गया है ।वही गांव के संभ्रांत लोगों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजे की मांग की है।
एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी ।जिससे पीड़ित परिवार की मदद हो सके।

# शार्ट न्यूज

## बरखेड़ा पुलिस ने मोबाइल फोन लूटने वाले दो शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की घटना में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को मनोज कुमार पुत्र नोखेलाल निवासी ग्राम खगाई थाना बरखेड़ा ने पुलिस को तहरीर दी थी कि वह अपना मोबाइल फोन लेकर जा रहा था, तभी दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। घटना के आधार पर थाना बरखेड़ा में मुकदमा संख्या 358/25 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## वेयरहाउस का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने देखी व्यवस्थाएं



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा मशीनों के रख-रखाव की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अग्निशमन यंत्रों की समय-समय पर जांच कराई जाए और सभी कैमरे हमेशा कार्यशील स्थिति में रहें। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि विपिन मिश्रा, बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि जितेंद्र आजाद, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम वेयरहाउस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए यहां सुरक्षा, निगरानी और साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डेंगू का कहर, एक ही गांव के 38 मरीज भर्ती

**बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम रसिया खानपुर में डेंगू बुखार ने विकराल रूप धारण कर लिया है। स्वास्थ्य विभाग के लगातार प्रयासों के बावजूद बीमारी पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। एक ही गांव के 38 मरीज बीसलपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने से अस्पताल में बेड कम पड़ गए हैं। पूरा स्टाफ दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटा हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव में पिछले कई दिनों से डेंगू बुखार फैलने की सूचना मिल रही थी। इस पर सीएमओ डॉ. आलोक शर्मा ने लगातार गांव का निरीक्षण किया, वहीं एसडीएम नागेंद्र पांडेय भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. आलम गीर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जो गांव में लगातार सर्वे व जांच करा रहे हैं। फिर भी बुखार का प्रकोप कम नहीं हो रहा। कई मरीज बरेली के निजी अस्पतालों में भी भर्ती हैं। गांव में डेंगू के फैलते संक्रमण से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## बाइक से पटाखे ले जा रहे जीजा-साले की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में बाइक से पटाखा ले जा रहे जीजा-साले की विस्फोट से मौत हो गई। रास्ते में गाय से टकराने पर बाइक बेकाबू होकर पलट गई। उसके बाद पटाखों में जोरदार धमाका हुआ। इसमें जीजा के चीथड़े उड़ गए। गाय की भी मौत हो गई। वहीं, साला गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया- धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग सहम गए। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाई गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामला गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मलौली बाजार का है। मृतकों की पहचान हरदोई के जन गांव पट् ?टी में रहने वाले सुहेल (18) और मातन टोला थाना गोसाईंगंज निवासी मोहम्मद अहमद (35) के रूप में हुई। सुहेल, मोहम्मद अहमद का साला था। मोहम्मद अहमद चूड़ी और कॉस्मेटिक सामान की दुकान करता था। दिवाली पर पटाखा बेचता था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका बहुत तेज था। धमाके की वजह से जीजा मोहम्मद अहमद के शरीर के चीथड़े उड़ गए।

## लखनऊ में मेगा ट्रेड फेयर शुरू

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें देश और विदेश के कई नामचीन व्यापारी शामिल हुए। इस मेले में कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, राजस्थान, बिहार और दिल्ली सहित विभिन्न भारतीय राज्यों के साथ-साथ अफगानिस्तान और दुबई जैसे देशों से आए व्यापारियों ने अपने अनोखे और आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन किया। यह मेला 3 से 13 अक्टूबर तक चला। इसमें होम डेकोरेशन, हस्तशिल्प, कलाकृतियाँ, पारंपरिक वस्त्र, आभूषण, खाद्य पदार्थ, औषधीय तेल, फर्नीचर और ड्राई फ्रूट्स जैसी शानदार रेंज देखने को मिली, जिसने लखनऊवासियों को खूब आकर्षित किया। मेले में हैंडमेड पेंटिंग्स को लेकर खरीदारों में विशेष उत्साह देखा गया। मुंबई से आए शरद मिश्रा ने बताया कि वे पिछले 18 वर्षों से इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उनकी सभी पेंटिंग्स हाथ से बनाई गई हैं, जिनमें हाई रिलीफ क्रिस्टल आर्ट, प्लूरल वर्क और कंप्रेस्ड मार्बल का उपयोग किया गया है। मिश्रा ने दावा किया कि उनकी पेंटिंग्स की कीमतें बाजार की तुलना में बहुत किफायती हैं, क्योंकि वे इन्हें थोक मूल्य पर बेचते हैं। उन्होंने लखनऊ से महानगर जैसा शानदार रिस्पॉन्स मिलने की बात कही।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेनी थिंक टैंक का बड़ा आरोप– रूस के लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद कर रहा भारत

**कीव, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने भारत पर रूस–यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अब यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने भारत पर एक और बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेनी थिंक टैंक ने दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडीटिव्स का सबसे बड़ा निर्यातक देश है और रूसी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को बेहतर करने में मदद कर रहा है। यूक्रेनी थिंक टैंक इकॉनोमिक सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ यूक्रेन ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत, रूस के लड़ाकू विमानों के लिए फ्यूल एडिटिव्स (ईंधन योजक) का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। साल 2024 में रूस के कुल आयातित फ्यूल एडिटिव्स में से करीब आधा भारतीय कंपनियों द्वारा निर्यात किया गया। फ्यूल एडिटिव्स एक तरल रसायनिक तत्व होता है, जो वाणिज्यिक और सैन्य विमानों के इंजन के प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए ईंधन के साथ मिलाया जाता है। यूक्रेनी थिंक टैंक की रिपोर्ट में दावा है कि रूस के एसयू–34 और एसयू–35एस लड़ाकू विमानों में फ्यूल एडिटिव्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन्हीं विमानों से रूस ने यूक्रेन पर क्रूज सुपरसोनिक और गाइडेड मिसाइलों से हमले किए।

### मैक्सिको भारी बारिश से बाढ़ व भूस्खलन में 41 लोगों की मौत; 32 हजार से ज्यादा मकान ध्वस्त, जन–जीवन अस्त–व्यस्त

**पोजा रिका, एजेंसी।** मैक्सिको में लगातार बारिश से आई बाढ़ व भूस्खलन के कारण कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई। वेराक्रूज प्रांत में छह से नौ अक्तूबर तक लगभग 540 मिलीमीटर (21 इंच से अधिक) बारिश हुई। बारिश के कारण 32 हजार से अधिक मकान ध्वस्त हो चुके हैं, जबकि बिजली गुल होने से देश भर में 3.20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने इस भीषण बारिश के लिए मैक्सिको के पश्चिमी तट पर आए उष्णकटिबंधीय तूफानों प्रिसिला व रेमंड को जिम्मेदार ठहराया है। मैक्सिको सिटी से 275 किलोमीटर उत्तर पूर्व में स्थित तेल नगरी पोजा रिका में बाढ़ से पहले कोई चेतावनी जारी नहीं की गई थी। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा समन्वय ने बताया कि मेक्सिको सिटी के उत्तर में स्थित हिडाल्गो प्रांत में शनिवार तक भारी बारिश से 16 लोगों की मौत हो गई और 150 समुदायों को बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा। मैक्सिको सिटी के पूर्व में स्थित पुएब्ला प्रांत में कम से कम नौ लोग मारे गए व 16 हजार से अधिक मकान क्षतिग्रस्त या नष्ट हो गए। वेराक्रूज में 15 लोगों की मौत हुई है। वहां थल सेना व नौसेना भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण अलग–थलग पड़े 42 समुदायों के निवासियों को बचाने में मदद कर रही हैं। बचावकर्मी क्षेत्र में 27 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। खाड़ी तट पर स्थित वेराक्रूज राज्य की 55 नगरपालिकाओं में 16 हजार से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पहले, मध्य क्वेरेटारो राज्य में भूस्खलन के कारण एक बच्चे की मौत हो गई थी। पोजा रिका के निचले इलाकों की गलियों में शुक्रवार सुबह 12 फीट तक पानी भर गया। कैजोंस नदी से तेज गति के साथ बहकर आ रहे पानी में कारें तैरती हुई आपस में टकराने लगीं। शनिवार सुबह जब पानी उतरा तो चारों तरफ तबाही दिखाई दे रही थी। पेड़ पर कारें लटकी दिखाई दे रही थीं और ट्रक के केबिन में बंद घोड़ा मर चुका था।

### टेक्सास में प्लेन क्रैश के बाद जबर्दस्त आग, ट्रक पर गिरा विमान; कैसे हुआ हादसा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास में प्लेन क्रैश के बाद आग लग गई। यह घटना टेरंट कंट्री में हिक्स एयरफील्ड के पास हुई। अधिकारियों के मुताबिक क्रैश होने के बाद प्लेन ट्रकों पर गिर पड़ा। इसके बाद वहां पर आग लग गई। फोर्ट वर्थ फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक प्लेन क्रैश की घटना दोपहर को करीब डेढ़ बजे हुई। हालांकि घटना से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही इमरजेंसी क्रू मौके पर पहुंच गई। हालांकि अधिकारियों ने हादसे में किसी के घायल होने या फिर मौत की पुष्टि नहीं की है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड को घटना की जानकारी दे दी गई है। उम्मीद है कि यह दोनों एजेंसियां जल्द ही मामले की जांच शुरू कर देंगी। जिस जगह पर यह हादसा हुआ है, वह फोर्ट वर्थ अलायंस एयरपोर्ट और फोर्ट वर्थ मीचम एयरपोर्ट के बीच हुआ है। यह डलास–फोर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है। स्थानीय मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल आधिकारिक तौर पर यह जानकारी नहीं मिली है कि हादसे के शिकार विमान ने कहां से उड़ान भरी थी और कहां जाने वाला था।

# हमास ने रिहा किए सात इस्राइली बंधक; ट्रंप को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार देगा इस्राइल

**येरुशलम, एजेंसी।** दो साल तक जंग लड़ने के बाद इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष विराम लागू हो गया है और इस कड़ी में बंधकों की रिहाई और कैदियों की अदला-बदली के लिए भी तैयारियां पूरी हो गई हैं। वहीं इस माहौल के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज इस्राइल पहुंचेंगे।



इस्राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने कहा कि वह अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को गाजा से बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और युद्ध को समाप्त करने में उनकी भूमिका के लिए देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगे। इस्राइल-हमास के बीच लागू हुए संघर्ष विराम के तहत हमास ने सात इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया है। इसकी पुष्टि इस्राइल की तरफ से की गई है, इस्राइल ने कहा है कि गाजा युद्ध विराम के तहत हमास ने पहले सात बंधकों को रेड क्रॉस को सौंप दिया है। हमास ने कहा है कि इस्राइल की तरफ बंदी बनाए गए 1900 से ज्यादा फलस्तीनी कैदियों के बदले 20 जीवित बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस्राइली बंधकों की रिहाई की तैयारी के लिए रेड क्रॉस के वाहनों ने मध्य गाजा में अपनी आवाजाही शुरू कर दी है। वहीं हमास ने 20 इस्राइली बंधकों की सूची जारी की है, जिन्हें आज रिहा किया जाना है और हमास के सूत्रों ने एक न्यूज चैनल को बताया कि यह सूची सुबह 8 बजे के बाद सौंपी जाएगी। द टाइम्स ऑफ इस्राइल ने बताया कि इस सूची में वही 20 बंधक शामिल हैं जिनके नाम पहले ही बातचीत के दौरान इस्राइल को दिए जा चुके थे, और जिन्हें जीवित बंधकों से संबंधित समझौते के तहत रिहा करने की पुष्टि की गई थी। इस सूची में अपहत सैनिक तामिर निमरोदी या नेपाली नागरिक बिपिन जोशी के नाम शामिल नहीं हैं। इस बीच, इस्राइल की राष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा, आपदा, एम्बुलेंस और रक्त बैंक सेवा के मैगन डेविड एडोम ने कहा कि वह लौटने वाले बंधकों की चिकित्सा सहायता के लिए आईडीएफ चिकित्सा बलों और स्वास्थ्य मंत्रालय की सहायता के लिए तैयार है। दो साल पहले हमास नरसंहार के दौरान अपहत लोगों की रिहाई देखने के लिए तेल अवीव के बंधक चौक पर भारी भीड़ जमा होने के साथ ही स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे रिहाई शुरू होने की योजना है। गाजा शांति शिखर सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री केवी सिंह ने करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह शर्म अल-शेख में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंच गए हैं। एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए, केंद्रीय मंत्री ने लिखा, शर्म अल-शेख में गाजा शांति शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रतिनिधि के रूप में ऐतिहासिक शहर काहिरा पहुंचे। यह एक बेहद खास समय होने वाला है- डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रविवार को इस्राइल रवाना हुए, उन्होंने इस यात्रा को बेहद खास समय बताया और हमास के साथ युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते का जश्न मनाया। अपने विमान में सवार होने से पहले, ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, यह एक बेहद खास समय होने वाला है। हर कोई एक साथ जयकार कर रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। इसमें शामिल होना सम्मान की बात है और हम एक शानदार समय बिताने वाले हैं। इराक युद्ध में उनकी भूमिका के लिए ब्लेयर की लगातार आलोचनाओं के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सवाल उठाया कि क्या ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर गाजा के शासन की देखरेख के लिए बनाए गए नए शांति बोर्ड में शामिल होंगे। ट्रंप ने कहा, मुझे हमेशा से टोनी पसंद रहे हैं, लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या वह सभी के लिए स्वीकार्य विकल्प हैं। उन्होंने उन नेताओं का नाम नहीं लिया जो ब्लेयर के चयन पर अपनी राय दे सकते थे। कुछ बंधकों में दो सैनिक और चार विदेशी भी शामिल इन बंधकों में दो इस्राइली सैनिक मटन एंग्रेस्ट और निमरोड कोहेन भी शामिल हैं। दोनों को 7 अक्तूबर के युद्ध में अगवा किया गया था। इसके अलावा चार विदेशी भी बंधकों में हैं, तीन की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि एक नेपाली छात्र का हाल अब भी अज्ञात है। यह स्थिति रिहाई अभियान को और जटिल बनाती है। ईरान ने गाजा शिखर सम्मेलन का न्योता ठुकराया ईरानी सरकार ने मिस्र में होने वाले गाजा शिखर सम्मेलन में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार तड़के पोस्ट किया, हम उन लोगों के साथ मंच साझा नहीं कर सकते जिन्होंने ईरानी जनता पर हमले और प्रतिबंध किए हैं।

## जिनपिंग को लेकर ट्रंप का फिर बदल गया सुर, चीन-अमेरिका रिश्तों में यू-टर्न?

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के रिश्तों में लगातार बदलाव हो रहा है। कल तक जिनपिंग को लेकर गुस्से में नजर आ रहे ट्रंप का सुर अचानक बदल गया है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट लिखी है। इसमें उन्होंने चीन के राष्ट्रपति को बेहद सम्माननीय बताया है। साथ ही ट्रंप ने लिखा है कि अमेरिकी चीन के साथ सहयोग का भाव लेकर चलना चाहता है। हमें आपस में कोई संघर्ष नहीं चाहिए। गौरतलब है कि चीन और अमेरिका के बीच हाल में थोड़ा तनाव बढ़ा है। यह मामला रेयर अर्थ के निर्यात और अमेरिका द्वारा टैरिफ रेट बढ़ाने की बात के बाद आया है।

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर लिखा है, 'चीन के बारे में चिंता मत कीजिए। सबकुछ ठीक होगा।' उन्होंने आगे लिखा कि बेहद सम्माननीय राष्ट्रपति शी जिनपिंग का एक खराब पल था। वह अपने देश पर किसी तरह का दबाव नहीं चाहते और मैं भी ऐसा नहीं चाहता। ट्रंप के मुताबिक अमेरिका चीन की मदद करना चाहता है, उसे दुखी नहीं करना चाहता।

**ट्रंप के लहजे में नाटकीय बदलाव :** ट्रंप के लहजे में आया यह बदलाव बेहद नाटकीय है। हाल ही में उन्होंने दुर्लभ-अर्थ मटीरियल और संबंधित टेक्नोलॉजी के निर्यात पर व्यापक प्रतिबंध लगाने के चीन के फैसले की निंदा की थी। उस समय, ट्रंप ने बीजिंग पर वैश्विक बाजारों को अस्थिर करने का आरोप लगाया। इसके पीछे की भावना को अशुभ और शत्रुतापूर्ण बताया। साथ ही ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यह दुनिया को बंधक बनाने का प्रयास था। वहीं, अमेरिका के टैरिफ संबंधी धमकियों पर चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कड़ा रुख अपनाया। मंत्रालय ने कहा कि हम टैरिफ वॉर नहीं चाहते, लेकिन हम इससे डरते भी नहीं हैं। साथ ही यह भी कहा कि अगर अमेरिका चीनी सामानों पर अपने प्रस्तावित 100% आयात शुल्क के साथ आगे बढ़ता है, जो 1 नवंबर से लागू होने वाला है, तो बीजिंग भी कठोर उपाय अपनाएगा।

दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते तनाव का केंद्र रेयर अर्थ मटीरियल के निर्यात को सीमित करने का चीन का कदम है। यह ऐसे महत्वपूर्ण पदार्थ हैं जिनका उपयोग स्मार्टफोन से लेकर सैन्य प्रणालियों तक, एडवांस टेक्नोलॉजी में किया जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेशी सैन्य उपयोग की संभावना का हवाला देते हुए, चीनी अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि नए नियम पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं हैं। वैध नागरिक उपयोगों के लिए एक्सपोर्ट लाइसेंस अभी भी दिए जाएंगे।

## कैमरून के राष्ट्रपति पॉल बिया के शासन का 43वां साल; 99 वर्ष की आयु तक रह सकते हैं पद पर

**याओंडे, एजेंसी।** दुनिया के सबसे उम्रदराज नेता और कैमरून के राष्ट्रपति पॉल बिया (92) अपने 43 साल के शासन को और आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। रविवार को होने वाले एकल चरण के चुनाव में बिया के फिर से जीतने की संभावना लगभग तय मानी जा रही है। यदि वे जीतते हैं, तो उनका कार्यकाल 99 वर्ष की उम्र तक चलेगा। बिया ने 1982 में सत्ता संभाली थी, जब उनके पूर्ववर्ती और कैमरून के पहले राष्ट्रपति अहमदू अहिजो ने इस्तीफा दिया। इसके बाद से वह देश पर शासन कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि 1960 में स्वतंत्रता मिलने के बाद से कैमरून में केवल दो ही नेता सत्ता में आए हैं। बिया 1975 से 1982 तक कैमरून के पांचवें प्रधानमंत्री भी रहे। इस चुनाव में बिया के सामने 11 प्रतिद्वंदी हैं, जिनमें उनके सबसे मजबूत प्रतिद्वंदी पूर्व सरकारी प्रवक्ता इस्सा टीचिरोमा बाकरी (79) भी शामिल हैं। बिया, जो आमतौर पर कम प्रोफाइल रखते हैं, ने मंगलवार को मारौआ में अपने चुनावी अभियान में कहा कि मैं उन समस्याओं से भली-भांति परिचित हूं, जो आप सभी को चिंतित करती हैं। अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि ये समस्याएं असंभव नहीं हैं। हालांकि, इस साल उनके सेवानिवृत्त होने की आवाजें तेज हुई हैं। कैथोलिक आर्चबिशप सैमुअल क्लेडा ने कहा कि यह वास्तविक नहीं है कि बिया अब भी देश का नेतृत्व करें। उनके दो पुराने सहयोगी, इस्सा टीचिरोमा और बेलो बोबा मैगारी, विपक्ष में चले गए और खुले तौर पर बिया की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाया। यहां तक कि उनकी बेटी ब्रेंडा बिया (27) ने भी पिता से पद छोड़ने की अपील की। उन्होंने एक वायरल टिकटॉक वीडियो में कहा मेरे पिता ने कई लोगों को दुख दिया है और नागरिकों से उनसे वोट न करने का आग्रह किया। बाद में उन्होंने यह बयान वापस लिया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, कैमरून की कम से कम 43 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है और 30 मिलियन की आबादी में से लगभग एक तिहाई लोग प्रतिदिन 2 से कम में जीवन यापन करते हैं। इस बार चुनाव में लगभग 8 मिलियन लोग, जिनमें 34,000 से अधिक प्रवासी नागरिक भी शामिल हैं, मतदान के लिए योग्य हैं।

## दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी, तटरक्षक बल ने फिलीपींस के सरकारी जहाज को निशाना बनाया

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन और फिलीपींस के बीच दक्षिण चीन सागर में टकराव का एक और गंभीर मामला सामने आया है। बताया गया है कि चीनी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के जहाजों ने फिलीपींस के एक सरकारी पोत पर पानी की तेज बौछार से हमला किया और इसके बाद में उसे टक्कर मार दी। इस घटना में जहाज को हल्का नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी भी चालक दल के सदस्य को चोट नहीं आई।



फिलीपींस तटरक्षक बल के अनुसार, यह घटना दक्षिण चीन सागर के विवादित इलाके में स्थित थीटू द्वीप के पास हुई। यह द्वीप फिलीपींस के कब्जे में है और वहां फिलीपींस के नागरिकों और मछुआरों की बस्ती भी है। घटना के समय फिलीपींस का सरकारी जहाज बीआरपी दातु पगबुआया वहां दो अन्य मछली पालन विभाग के जहाजों के साथ लंगर डाले हुए था। तीनों जहाज मछुआरों को सहयोग देने के लिए उस इलाके में मौजूद थे।

तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमोडोर जे टारिएला ने बताया कि अचानक चीनी तटरक्षक जहाज और कुछ संदिग्ध सैन्य नौकाएं तेजी से वहां पहुंचीं और खतरनाक ढंग से उसके जहाजों के बहुत करीब आ गईं। इसके बाद एक चीनी जहाज, जिसका नंबर 21559 था, ने दातु पगबुआया पर सीधा पानी की तेज बौछारें दागीं। कुछ ही मिनटों बाद उसी जहाज ने फिलीपींस के पोत के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे उसे हल्का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई और जहाज बाद में सुरक्षित स्थान पर चला गया।

**फिलीपींस ने घटना का वीडियो जारी किया :** फिलीपींस तटरक्षक बल द्वारा जारी एक वीडियो में चीनी जहाज को पानी की तेज धार से हमला करते और फिलीपींस के झंडे को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में फिलीपींस का जहाज हमले से बचने के लिए दिशा बदलता भी दिखाई देता है। फिलीपींस तटरक्षक बल के प्रमुख एडमिरल रॉनी गिल गवान ने कहा कि ऐसी घटनाएं उनके मनोबल को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा, फिलीपीनी मछुआरों की आजीविका इन जलक्षेत्रों पर निर्भर है। चाहे पानी की तोप चले या जहाजों से टक्कर मारी जाए, हम अपने क्षेत्र की एक इंच जमीन भी किसी विदेशी ताकत को नहीं सौंपेंगे।

**चीन बोला– फिलीपींस ने की हमारे जलक्षेत्र में घुसपैठ :** उधर, बीजिंग में चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता लियू देजुन ने बयान जारी कर कहा कि फिलीपींस के जहाजों ने बिना अनुमति चीन के टियेशियान रीफ (जिसे चीन सैंडी के कहता है) के पास उसके जलक्षेत्र में घुसपैठ की। उन्होंने कहा, फिलीपींस के जहाज ने चीनी जहाज के बहुत नजदीक आने की कोशिश की, जिससे मामूली टक्कर हुई। लियू ने पूरे मामले की जिम्मेदारी फिलीपींस पर डालते हुए कहा कि इस तरह की हरकतें क्षेत्र की शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंचाती हैं।

## रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर किया हमला; अमेरिका से टॉमहॉक मिसाइल मिलने की आशंका पर चिंता बढ़ी

**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड पर ताबड़तोड़ हमले किए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को दावा किया कि उसके देश के सैनिकों ने यूक्रेन के ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाया। ये ऊर्जा सुविधाएं यूक्रेन के सैनिकों के ठिकानें भी हैं। रूस ने 24 घंटे के दौरान यूक्रेन की तरफ से दागे गए 72 ड्रोन को भी मार गिराने का दावा किया। उधर, कीव क्षेत्र के गवर्नर माइकोला कलाशनिक ने कहा कि रूसी हमलों में यूक्रेन की ऊर्जा क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी के दो कर्मचारी घायल हुए हैं। इस बीच, अमेरिका द्वारा यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइल देने की संभावना से मॉस्को में चिंता बढ़ गई है। कीव के क्षेत्रीय गवर्नर माईकोला कालाशनिक ने बताया कि देश की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी छ्ज्ञश्चय के दो कर्मचारी रूसी हमले में घायल हुए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, डोनेत्स्क, ओडेसा और चेर्निहिव क्षेत्रों में भी बिजली ढांचे को निशाना बनाया गया है। राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि रूस हमारे शहरों और समुदायों पर हवाई आतंक जारी रखे हुए है। पिछले हफ्ते में रूस ने 3,100 ड्रोन, 92 मिसाइलें और करीब 1,360 ग्लाइड बम दागे हैं। क्रेमलिन ने रविवार को कहा कि अमेरिका की तरफ से यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें दिए जाने की संभावना को लेकर रूस बेहद चिंतित है। उसने चेतावनी दी कि युद्ध एक नाटकीय मोड़ पर पहुंच गया है और हर तरफ से तनाव बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों कहा था कि टॉमहॉक मिसाइलें देने पर सहमति जताने से पहले वह जानना चाहेंगे कि यूक्रेन इनके साथ क्या करने की योजना बना रहा है। वह रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को और बढ़ाना नहीं चाहते। हालांकि, इस मुद्दे पर एक तरह से फैसला कर लिया गया है।

टॉमहॉक मिसाइलों की मारक क्षमता 2,500 किलोमीटर है। इसका अर्थ है कि यूक्रेन इन मिसाइलों के जरिये रूस की राजधानी मॉस्को को भी निशाना बना सकता है। मॉस्को ने महीने की शुरुआत में आरोप लगाया था कि वाशिंगटन और उसका नाटो गठबंधन यूक्रेन युद्ध में कीव को नियमित रूप से खुफिया जानकारी दे रहे हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने उस समय संवाददाताओं से कहा था, यूक्रेनियों को खुफिया जानकारी देने के लिए उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और अमेरिका के संपूर्ण बुनियादी ढांचे का उपयोग स्पष्ट है।अमेरिकी खुफिया जानकारी ने कीव को तेल रिफाइनरियों सहित महत्वपूर्ण रूसी ऊर्जा सुविधाओं पर अग्रिम पंक्ति से कहीं आगे तक हमला करने में मदद की। इस मुद्दे पर व्हाइट हाउस व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## ये 8वीं जंग जो मैंने रुकवाई, ट्रंप ने फिर लिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम का क्रेडिट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** गाजा के मुद्दे पर मिस्र के शर्म अल-शेख शहर में आज होने वाले शांति शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत दुनिया के 20 शीर्ष नेता शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए मिस्र की ओर से निमंत्रण भेजा गया था, हालांकि वे इसमें शामिल नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति इस बाबत अमेरिका से एयरफोर्स वन विमान से रवाना हो चुके हैं। वे पहले इस्राइल जाएंगे। इसके बाद वहीं से मिस्र रवाना हो जाएंगे। उनकी ओर से इस्राइल-हमास युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से पहली यात्रा है। इस्राइल रवाना होने से पहले उन्होंने इस दौरे को बेहद खास बताया। ट्रंप ने कहा कि यह एक बहुत खास समय होने जा रहा है... हर कोई इस पल को लेकर बेहद उत्साहित है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। आमतौर पर अगर एक पक्ष खुश होता है, तो दूसरा नाराज होता है। लेकिन इस बार सब एक साथ प्रसन्न हैं।

गौरतलब है कि मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ इस शांति शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना के प्रथम चरण के प्रभावी होने के कुछ दिनों बाद होने जा रहा है। ट्रंप के अलावा सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी,



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी शामिल होंगे। विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व दौरे पर रवाना होने से पहले एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह दौरा क्षेत्र के देशों को एकजुट कर स्थायी शांति की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि हम सबको खुश करने जा रहे हैं। हर कोई खुश है...चाहे यहूदी हो, मुस्लिम या अरब देश। हम इस्राइल के बाद मिस्र जा रहे हैं, और वहां मेरी बहुत ताकतवर, बड़े और अमीर देशों के नेताओं से मुलाकात होगी। और सभी इस समझौते के साथ हैं। इस दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या इस्राइल और हमास के बीच का युद्ध अब समाप्त हो चुका है। इस पर ट्रंप ने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा कि हां युद्ध खत्म हो गया है और मुझे पूरा भरोसा है कि युद्धविराम कायम भी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है यह टिकेगा। बहुत सारे कारण हैं। लोग अब थक चुके हैंज यह सदियों से चल रहा है, अब लोग इसे खत्म देखना चाहते हैं। आगे पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रंप ने फिर से खुद को युद्ध शांत कराने वाला करार दिया।

# गाजा में हमास और डोगमूश कबीले के लड़ाकों में झड़प

**गाजा सिटी, एजेंसी।** गाजा सिटी में रविवार को हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प में 64 लोग मारे गए हैं। इनमें 52 डोगमूश और 12 हमास लड़ाके शामिल हैं। हमास के टेलीविजन चैनल के मुताबिक हमास के सीनियर अधिकारी बासेम नैम का बेटा भी झड़प में मारा गया।

झड़प में एक फिलिस्तीनी पत्रकार की भी गोली लगने से मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा उस समय भड़की जब हमास के लड़ाकों ने सब्रा इलाके में कबीले के ठिकानों पर हमला किया। डोगमूश कबीले ने आरोप लगाया कि हमास ने सीजफायर का फायदा उठाकर उन्हें निशाना बनाया। हमास ने चेतावनी दी है कि जो मिलिशिया मेंबर और अपराधी खूनखराबे में शामिल नहीं हैं, वे अगले रविवार तक आत्मसमर्पण कर सकते हैं, अन्यथा उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।

हमास ने 2024 में डोगमूश लीडर की हत्या की थी डोगमूश नाम की उत्पत्ति तुर्किश मूल की बताई जाती है। इसका मतलब होता है- तुर्किये में जन्मा हुआ। कहा जाता है कि डोगमूश कबीला 20वीं सदी की शुरुआत में पलायन कर गाजा पहुंचा था। यह कबीला गाजा सिटी के साब्रा और तेल अल-हवा में बसा हुआ है। डोगमूश गाजा के बड़े घरानों में गिना जाता है। डोगमूश पर अलकायदा के करीबी होने का आरोप लगता है। इस कबीले पर ब्रिटिश पत्रकार एलन जॉनस्टन और इजराइली कैदी गिलाश शालिद के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। गाजा में सत्ता हासिल करने को लेकर डोमगूश और हमास के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है। 2008 में हमास ने डोगमूश के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें कई लोग मारे गए थे। 2024 में हमास ने सालेह डोगमूश को मार दिया था। हमास ने आरोप लगाया था कि सालेह गाजा पहुंचने वाली राहत सामग्री को कब्जा कर महंगे दामों पर बेच रहा था।



**गाजा जंग में 270 से ज्यादा पत्रकारों की मौत :** गाजा सिटी में हमास और डोगमूश कबीले के बीच हुई झड़प के दौरान एक फिलिस्तीनी पत्रकार सालेह अलजफरावी (28) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अलजफरावी संघर्ष की कवरेज कर रहे थे। गोली लगने के बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनका शव (प्रेस लिखी जैकेट पहने) एक ट्रक के पीछे पड़ा मिला। हमास के गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि झड़प में शामिल डोगमूश गुट इजराइल से जुड़ा सशस्त्र संगठन है। सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि इस गिरोह ने उन लोगों पर भी हमला किया जो दक्षिण गाजा से लौट रहे थे। अक्टूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक 270 से ज्यादा पत्रकार गाजा में मारे जा चुके हैं। इजराइल से समझौते के बीच हिंसा हुई हमास और डोगमूश लड़ाकों में हिंसा, इजराइल से पीस समझौते के बीच हुई है। डोगमूश कबीले को अल डोगमूश मिलिशिया के नाम से भी जाना जाता है। इस कबीले के एक सदस्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा, बच्चे चिल्ला रहे हैं और मर रहे हैं, हमारे घर जल रहे हैं। हम फंसे हुए हैं। मुझे नहीं पता वे सभी हथियारों के साथ कैसे अंदर आए। यहा बड़ी हत्या हो रही है। कबीले के एक सीनियर सदस्य ने मुसलमानों से मुसलमानों का खून नहीं बहाने की अपील की। दूसरी तरफ हमास आज दोपहर तक 20 इजराइली बंधकों को रेड क्रॉस को सुपुर्द करेगा। बंधकों को छह से आठ वाहनों में रेड क्रॉस की निगरानी में इजराइल की सेना के हवाले किया जाएगा और फिर उन्हें दक्षिण इजराइल ले जाया जाएगा।

# भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर 2-0 से क्लीन स्वीप किया

**–प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव**

**–प्लेयर ऑफ द सीरीज : रविन्द्र जडेजा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में सात विकेट से हराने के साथ ही 2-0 से सीरीज जीत ली है। भारतीय टीम ने पांचवे और अंतिम दिन पहले सत्र में ही तीन विकेट पर 121 रनों का लक्ष्य हासिल करने के साथ ही सीरीज अपने नाम की। भारतीय टीम को अंतिम दिन जीत के लिए 58 रन बनाने थे जो उसने तीन विकेट के नुकसान पर बना लिए। भारतीय टीम ने चौथे दिन के एक विकेट पर 63 रन से आगे खेलते हुए पांचवे दिन सुबह साई सुदर्शन 39 रन और शुभमन 13 के विकेट खो दिये। वहीं के एल राहुल ने नाबाद 58 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले भारतीय टीम ने पहला टेस्ट पारी और 140 रन से जीता था।

दूसरे टेस्ट की जीत में स्पिनर कुलदीप यादव और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की अहम भूमिका रही। कुलदीप ने इस मैच की दोनो पारियों में कुल मिलाकर 8 विकेट लिए जबकि यशस्वी ने पहली पारी में 175 रन बनाकर भारतीय टीम को बढ़त दिलायी। भारतीय टीम ने पहली पारी में पांच विकेट पर 518 रन बनाये। वहीं वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 248 रनों पर आउट हो गयी थी। इस प्रकार भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 270 रनों की बढ़त मिली थी। जिसके आधार पर उसने वेस्टइंडीज को फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया। कैरिबियाई टीम ने फॉओऑन खेलते हुए दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल के 115 और शाई होप के 103 रनों की सहायता से 390 रन बनाए। इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 121 रनों का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जायसवाल (8) का विकेट शुरुआत में ही गंवा दिया। वहीं इसके बाद राहुल ने नाबाद 58 और साई सुदर्शन 39 ने टीम का स्कोर आगे बढ़ाया और उसे लक्ष्य की ओर अग्रसर किया। भारत की ओर से पहली पारी में यशस्वी के 175 रनों के अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 129 और सुदर्शन ने 87 रनों की पारी खेली थी। भारतीय टीम ने इस प्रकार वेस्टइंडीज के खिलाफ 10 वीं टेस्ट सीरीज जीती है। 2002 के बाद से ही कैरेबियाई टीम भारत के खिलाफ कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है।




# स्वदेश पहुंचे विराट, ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए आज भारतीय टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली चार महीने बाद इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। विराट अब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम बुधवार को इस दौरे पर रवाना होगी। विराट आईपीएल 2025 के बाद ही अपने परिवार के साथ लंदन चले गये थे।

विराट ने इंग्लैंड दौरे के पहले ही टेस्ट प्रारुप से संन्यास ले लिया था। अब वह केवल एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी में मिली जीत के बाद ये विराट की पहली सीरीज होगी , इसप्रकार वह सात माह के बाद खेलते नजर आयेंगे। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में रोहित शर्मा को कप्तानी से हट दिया था। विराट के अलावा रोहित शर्मा भी इसी सीरीज से वापसी करेंगे। वह भी चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम से बाहर हैं। इस सीरीज में विराट और रोहित के प्रदर्शन के बाद ही तय होगा कि वह आगे खेलेंगे या नहीं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में शुरु होगी। इसके बाद टीम 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट मैदान में खेलेगी। एकदिवसीय सीरीज़ के बाद, 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज भी खेली जाएगी। यह दौरा टीम इंडिया के लिए आगामी वर्ष की तैयारियों में अहम साबित होगा। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, जहाँ उसे एकदिवसीय सीरीज़ में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# संजू सैमसन की केरल रणजी टीम में वापसी



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** संजू सैमसन का नाम केरल की रणजी ट्रॉफी टीम में वापस आ गया है और इसके साथ ही उत्सुकता, उत्साह और शांत जिज्ञासा की लहर आ गई है। केरल 15 अक्टूबर से तिरुवनंतपुरम में अपने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले मैच में महाराष्ट्र का सामना करने के लिए तैयार है, ऐसे में विकेटकीपर-बल्लेबाज की लाल गेंद क्रिकेट में वापसी एक तरह से घर वापसी और सामंजस्य दोनों का प्रतीक है।

संजू सैमसन को आखिरी बार प्रथम श्रेणी मैच खेले हुए लगभग एक साल हो गया है, उनका पिछला मैच कर्नाटक के खिलाफ था। पिछले एक साल में, उनका ध्यान मुख्य रूप से सफेद गेंद के प्रारूपों पर केंद्रित रहा है, जिसमें उन्होंने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स का नेतृत्व किया और भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी शामिल रहे। अब, जब वह एक बार फिर केरल की सफेद जर्सी पहन रहे हैं, तो सैमसन के पास लाल गेंद क्रिकेट की मांग वाले कौशल और धैर्य को फिर से दिखाने का मौका है। केरल के चयनकर्ताओं ने कप्तानी मोहम्मद अजहरुद्दीन को सौंप दी है, जबकि बाबा अपराजित को उप-कप्तान बनाया गया है। यह कदम टीम के निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है, जबकि सैमसन इस महीने के अंत में राष्ट्रीय टीम के लिए तैयारी कर रहे हैं।

# आईसीसी रैंकिंग : स्मृति मंधाना की शीर्ष पर बढ़त मजबूत

**दुबई (एजेंसी)।** मौजूदा आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में कई शीर्ष प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों ने ताजा आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। विशाखापट्टनम में शानदार 80 रनों की पारी खेलकर फॉर्म में लौटी भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और शीर्ष पर अपनी मजबूत बढ़त बनाए हुए हैं। हालांकि कई खिलाड़ियों ने मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी स्थिति में सुधार किया है।

इनमें ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली भी शामिल हैं, जो भारत के खिलाफ रोमांचक मैच में 142 रनों की शानदार पारी खेलकर नौ स्थानों की लंबी छलांग लगाकर संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। 700 रेटिंग अंकों के साथ, हीली मंधाना, इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट और बेथ मूनी से पीछे हैं और रैंकिंग में और ऊपर पहुंचने की कोशिश करेंगी। वह दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाट के साथ चौथे स्थान पर हैं, जिन्होंने भी अपनी हालिया पारियों की बदौलत तीन स्थान की छलांग लगाई है, जिसमें भारत के खिलाफ मैच जिताऊ 70 रन भी शामिल हैं।



टूर्नामेंट में रन चार्ट में शीर्ष पर चल रही न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन भी दो स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गईं। दक्षिण अफ्रीका की चेज विशेषज्ञ नादिन डी क्लर्क जिन्होंने विशाखापत्तनम में दो बार प्रोटियाज के सफल चेज प्रयासों का नेतृत्व किया है, बल्लेबाजी रैंकिंग में 26 स्थान की छलांग लगाकर 32वें स्थान पर आ गईं। आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में सोफी एक्लेस्टोन नंबर 1 स्थान पर बनी हुई हैं, उनके ठीक पीछे गाडर्नर हैं। हालांकि, क्रिकेट विश्व कप के एक आकर्षक सप्ताह के बाद शीर्ष 10 में नए नाम शामिल हुए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड छह स्थान की छलांग लगाकर 8वें स्थान पर पहुंच गईं। नोनकुलुलेको म्लाबा बाएं हाथ की स्पिनर 8 विकेट लेकर टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रही हैं। आईसीसी महिला वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में गाडर्नर शीर्ष पर बनी हुई हैं और शीर्ष 10 में सिर्फ एक बदलाव आया है। दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायोन तीन स्थान ऊपर चढ़कर और अपना नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए इस सूची में शामिल हो गई हैं। आईसीसी मीडिया के एक बयान के अनुसार, ट्रायोन ने गेंदबाजों की रैंकिंग में भी उल्लेखनीय प्रगति की है और 18 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# भारत थम्मिनेनी दुनिया की 8,000 मीटर ऊंची नौ चोटियों पर चढ़ने वाले पहले भारतीय बने



कोलकाता । आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी मंगलवार को छठे सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट चो ओयू' (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्टूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8,000 मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं। बची हुई पांच शीर्ष चोटियां माउंट के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं और वर्तमान में भारतीय पर्वतारोहियों के लिए वर्जित हैं। थम्मीनेनी 30 सितंबर को चीन के चो ओयू बेस कैंप पहुचे थे लेकिन खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण उन्हें पहाड़ पर चढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा जिससे वह बेस कैंप में ही रुके रहे।

# भारतीय टीम के खिलाफ सीरीज के अनुभवों का लाभ एशेज में मिलेगा : मार्श



मुम्बई । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 सीरीज उनकी टीम के लिए काफी फायदेमंद रहेगी। साथ ही कहा कि इसके अनुभवों का लाभ उन्हें इसके बाद होने वाली एशेज सीरीज में मिलेगा। भारतीय टीम अपने इस दौरे में तीन एकदिवसीय मैचों के अलावा पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेगी। मार्श को इस सीरीज में नियमित कप्तान पैट कमिंस के चोटिल होने के कारण टी20 के साथ ही एकदिवसीय प्रारुप की भी कप्तानी दी गयी है। मार्श ने कहा, ''हमारे सभी खिलाड़ी एशेज के लिए तैयारी कर रहे हैं पर सभी को भारत जैसे शीर्ष स्तर की टीम के खिलाफ खेलना पसंद है।'' उन्होंने कहा, ''हमारे बीच जबरदस्त प्रतिद्वंद्विता है पर एक टीम के तौर पर हम उनके लिए बहुत सम्मान रखते हैं। मुझे लगता है कि एशेज सीरीज़ से पहले भारत को ये दौरा सही समय पर हुआ है। इसमें दोनो टीमों के बीच कड़ा मुकाबला होगा।' इससे उनकी टीम को एशेज से पहले अपनी लय हासिल करने का भी अवसर मिलेगा।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से हो जाएगा रोहित और विराट के भविष्य का फैसला : शास्त्री



सिडनी । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा काफी महत्वपूर्ण रहेगा। शास्त्री का मानना है कि इस सीरीज़ से ही विराट और रोहित का भविष्य तय होगा। साथ ही कहा कि अगर ये दोनो अपने फार्म और फिटनेस में खरे उतरे तभी 2027 विश्व कप के लिए इनके नाम पर विचार हो सकता है। वहीं असफल रहने पर इनका बाहर होना तय है। शास्त्री ने सिडनी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा वे दोनो ही जानते हैं कि ये सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। इसी लिए यहां आये हैं। उनका आगे बना रहता फिटनेस, भूख और फॉर्म पर निर्भर करेगा। सीरीज़ के अंत तक उन्हें स्वयं पता चल जाएगा कि वह अपने कैरियर में किस जगह पर है। इसके बाद आगे क्या करना है ये उन्हें ही तय करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस उम्र में अनुभव बहुत मायने रखता है पर वही खिलाड़ी खेल सकता है जिसके भीतर भूख बची हुई हो। साथ ही कहा कि 'जब बड़े मैच आते हैं, तो बड़े खिलाड़ी ही आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेते हैं। अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता, हमने इसे चैंपियंस ट्रॉफी में भी देखा है।' रोहित इस दौरे के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी फिटनेस और बल्लेबाजी पर काफी काम किया है जिसके अब वह काफी फिट नजर आते हैं जबकि विराट ने लंदन में इसकी तैयारी की। दोनों ही फिटनेस टेस्ट में भी सफल रहे हैं। ऐसे में दोनो को ही 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ ही ये दोनो स्टार बल्लेबाज सात महीने के बाद मैदान पर वापसी करेंगे। दोनो ने ही टेस्ट और टी20 प्रारुप से पहले ही संन्यास ले लिया है और अब केवल एकदिवसीय खेल रहे हैं।

# महिला विश्व कप क्रिकेट में आज होगा इंग्लैंड और पाकिस्तान का मुकाबला

**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप क्रिकेट में बुधवार को इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली जीत के बाद से ही इंग्लैंड की टीम के हौंसले बुलंद हैं और वह सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ये मुकाबला भी जीतने उतरेगी। नेट स्किवर-ब्रंट की कप्तानी में टीम भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ खेलने से पहले अपनी लय को बनाये रखना चाहेगी। ब्रंट ने अब तक बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया है। सकती हैं। इंग्लैंड की श्रीलंका के खिलाफ 89 रन की जीत में कप्तान ने 117 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए थे।

स्किवर-ब्रंट के अलावा एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, हीथर नाइट और सोफिया डंकले जैसी बल्लेबाजों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है जिससे उसकी टीम छह अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है।




पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच कोलंबो में खेल रही है लेकिन इसके बावजूद वह अब तक नाकाम रही है। वह इंग्लैंड को हरा पायेगी इसकी संभावना नहीं है। इंग्लैंड इस मैच में जीत दर्ज करने पर अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच जाएगा। पाकिस्तान को अब तक अपने तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। उसके बल्लेबाज नहीं चल पा रहे हैं। उसकी टीम ने तीन मैच में अभी तक केवल एक बार 150 रन की संख्या को पार किया है।

**दोनो ही टीमें टीम इस प्रकार हैं**

**इंग्लैंड:** नैट स्किवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, एमान फातिमा, मुनीबा अली, नाशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिद्रा नवाज, सैयदा अरूब शाह।

# टीम की कप्तानी करना सम्मान की बात : शुभमन




नई दिल्ली। अपनी कप्तानी में पहली टेस्ट सीरीज जीतने से उत्साहित भारतीय टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने कहा है टीम की कप्तानी करना करने के लिए सम्सान की बात है। शुभमन को इंग्लैंड दौरे के पहले टीम का कप्तान बनाया गया था। इस दौरे में सीरीज 2–2 से बराबरी पर रही थी। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम ने 2–0 से सीरीज जीती है। शुभमन ने कप्तानी के अब तक के अनुभवों को लेकर कहा, मैं अब इसकी आदत डाल रहा हूं। सभी खिलाड़ियों को मैनेज करना और टीम की कमान संभालना गर्व और सम्मान की बात है। कप्तान के दौरान किसी भी हालात में सही विकल्प चयनित करना भी अहम होता है। मैं उस स्थिति में सबसे संभावित फैसले लेने का प्रयास करता हूं। कभी–कभी आपको एक साहसिक फैसला भी लेना होता है। यह इस बात पर आधारित रहता है कि कौन–सा खिलाड़ी आपको रन या विकेट दिला सकता है।शुभमन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फॉलोऑन देने को लेकर कहा, हम लगभग 300 रन 270 रन आगे थे। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लेते हैं और हमें पांचवें दिन 6 या 7 विकेट लेने हैं, तो यह हमारे लिए एक कठिन दिन हो सकता है। ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका दिया गया। अहमदाबाद टेस्ट में नीतीश को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल सका, लेकिन उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी जरूर की। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 43 रन बनाए। नीतीश को सीरीज में अवसर दिए जाने को लेकर उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी केवल विदेशों में ही मैच खेलें। इससे खिलाड़ियों पर बहुत दबाव पड़ता है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें लगता है कि विदेशों में मैच जीतने में हमारी सहायता कर सकते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए एक चुनौती रही है। वहीं कप्तान ने अपने प्रदर्शन को लेकर कहा, जब मैं मैदान पर जाता हूं, तो मैं बस एक बल्लेबाज के तौर पर फैसले लेना चाहता हूं। एक चीज जो आप हमेशा चाहते हैं और ध्यान में रखते हैं वो है अपनी टीम को किस प्रकार से जीत दिलायें। ऐसे में जब मैं बल्लेबाज के तौर पर मैदान पर जाता हूं, तो मेरे दिमाग में रन बनाने का ही ख्याल आता है।

# रणजी मुकाबले आज से , ऋषभ कर सकते हैं दूसरे या तीसरें दौर से वापसी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रणजी ट्रॉफी मुकाबले बुधवार से यहां शुरु होंगे। इसमें आक्रामक विकेटर बल्लेबाज ऋषभ पंत वापसी कर सकते हैं। ऋषभ इंग्लैंड दौरे में चोटिल होने के बाद से ही टीम से बाहर थे। ऐसे में उनपर सबकी नजरें रहेंगी। रणजी में युवा और अनुभवी दोनों ही वर्ग के खिलाड़ी अपनी क्षमता साबित करने के लिए मैदान में उतरेंगे।

जुलाई में मैनचेस्टर में चोटिल होने के बाद ऋषभ मैदान से बाहर थे। दिल्ली की टीम में उनका नाम पहले दौर के लिए शामिल नहीं है पर अगर बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हरी झंडी देता है, तो वह दूसरे या तीसरे दौर में वापसी कर सकते हैं। उनके लिए यह रणजी ट्रॉफी अहम है क्योंकि इससे उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नवंबर में शुरू होने वाली श्रृंखला से पहले खेल का अनुभव मिलेगा।

इस सत्र में कई युवा खिलाड़ियों पर भी नजरें रहेंगी। इसमें यश ढुल और प्रियांश आर्य व वैभव सूर्यवंशी (बिहार), आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं गेंदबाज हर्ष दुबे, एडहेन एप्पल टॉम, मानव सुथार और गुरजपनीत सिंह भी टीम में जगह बनाने के प्रयास करेंगे।

इनके अलावा अनुभवी खिलाड़ी जैसे ईशान किशन, पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़ और रजत पाटीदार भी सत्र में बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगे। वहीं मोहम्मद शमी, हनुमा विहारी और अजिंक्य रहाणे भी इस सत्र में खेलते हुए दिखेंगे। रहाणे के लिए यह संभवतः आखिरी रणजी ट्रॉफी होगी।




# रोहित-कोहली के भविष्य पर गौतम गंभीर का बड़ा बयान आया सामने




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली और रोहित शर्मा 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप कप खेलने के इच्छुक हैं लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मंगलवार को इस स्टार जोड़ी के भविष्य को लेकर कोई वादा नहीं किया। गंभीर ने कहा कि वनडे विश्व कप में अभी दो साल से अधिक का समय है और 'वर्तमान में रहना जरूरी है'।

शुभमन गिल की वनडे कप्तान के रूप में नियुक्ति के साथ राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने पहले ही वनडे क्रिकेट में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है और 2027 में कोहली (39) और रोहित (40) की उम्र को देखते हुए उनके भविष्य पर काफी संदेह है। गंभीर ने कहा, '50 ओवर का विश्व कप अभी ढाई साल दूर है। वर्तमान में रहना बहुत जरूरी है। जाहिर है वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे वापसी कर रहे हैं। उनका अनुभव ऑस्ट्रेलिया में काम आएगा।'

उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के समापन पर कहा, 'उम्मीद है कि ये दौरा दोनों खिलाड़ियों के लिए सफल साबित होगा लेकिन इससे जरूरी बात यह है कि टीम एक सफल श्रृंखला खेले।' ऐसा माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में होने वाले नौ वनडे मैचों (ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन-तीन मैच) में इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर काफी कुछ निर्भर करेगा।

भारतीय टीम पिछले एक साल में गंभीर की कोचिंग में सभी प्रारूपों में बदलाव के दौर से गुजर रही है। गंभीर से जब पूछा गया कि वह राष्ट्रीय टीम में शामिल करते समय किसी खिलाड़ी में किन गुणों को देखते हैं तो उन्होंने कहा, 'इस सूची में प्रतिभा सबसे पहली चीज है। फिर काम के प्रति लगन और ड्रेसिंग रूम में आपके व्यवहार खासकर टेस्ट क्रिकेट में काफी मायने रखता है।'

उन्होंने कहा, 'हम यह भी परखने की कोशिश करते है कि रन बनाने और विकेट लेने के अलावा आप किस तरह से टीम के लिए योगदान दे सकते हैं। आप में खेल के लिए जज्बा होना भी काफी जरूरी है। आप में अगर ये सारे गुण है तो आप निश्चित रूप से एक सफल टेस्ट करियर बना सकते हैं।'

# वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के बाद भी डब्ल्यूटीसी अंकतालिक में तीसरे नंबर पर ही है भारतीय टीम

नई दिल्ली । वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां टेस्ट सीरीज में मिली जीत के बाद भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025–27 की अंक तालिका में भारतीय टीम की स्थिति में बदलाव नहीं आय है और वह पहले की तरह ही तीसरे स्थान पर ही बनी हुई है। ऑस्ट्रेलिया 100 प्रतिशत और श्रीलंकाई टीम 66.67 प्रतिशत अंकों के साथ ही पहले और दूसरे नंबर पर है। वहीं भारतीय टीम का अंक प्रतिशत बढ़कर 61.90 पर पहुंच गया है पर इसके बाद भी वह दूसरे स्थान पर चल रही श्रीलंका से पीछे है। भारतीय टीम अब तक सात मैचों में चार जीत, दो हार और एक ड्रॉ के साथ 52 अंक हासिल किए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के अंक उससे अधिक हैं। वेस्टइंडीज लगातार पाँच टेस्ट हारने के बाद छठे स्थान पर फिसल गयी है। भारत को अब अगली टेस्ट सीरीज घरेलू धरती पर दक्षिण अफीका के खिलाफ खेलनी है, उसमें अगर भारतीय टीम जीत दर्ज करती है तो वह शीर्ष दो में पहुंच सकती है।

# आरबीआई ने ऑफलाइन डिजिटल रुपया लांच किया

## ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी लोग बिना इंटरनेट के डिजिटल भुगतान कर सकेंगे




**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 के दौरान ऑफलाइन डिजिटल रुपया की शुरुआत की है। इस नई सुविधा से देश के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी लोग बिना इंटरनेट के डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। यह फीचर उपयोगकर्ताओं को डिजिटल नकद जैसा अनुभव देता है, जिससे डिजिटल भुगतान का दायरा और पहुंच दोनों बढ़ेंगे। डिजिटल रुपया भारतीय मुद्रा का डिजिटल रूप है जिसे सीधे आरबीआई जारी करता है। यह एक सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी है जो असली रुपये की तरह ही मान्य है। इसे बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए सुरक्षित डिजिटल वॉलेट में रखा जाता है। उपयोगकर्ता e₹ वॉलेट से यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान कर सकते हैं और लेनदेन के लिए बैंक खाता जरूरी नहीं है। फिलहाल 15 बैंक जैसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, फेडरल बैंक, पीएनबी, यस बैंक, कर्नाटक बैंक, कैनरा बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और इंडसइंड बैंक अपने ग्राहकों को डिजिटल रुपया वॉलेट की सुविधा दे रहे हैं। ये ऐप्स गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध हैं। वॉलेट में न तो कोई शुल्क है, न न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता, और मोबाइल खो जाने की स्थिति में इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता है।

इस डिजिटल रुपये की सबसे बड़ी खासियत इसका ऑफलाइन फीचर है। यह फीचर विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए तैयार किया गया है जहां नेटवर्क या इंटरनेट की कमी है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटल रुपया भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

उन्होंने बताया कि आधार, यूपीआई और डिजी लॉकर जैसे डिजिटल ढांचे ने पहले ही वित्तीय समावेशन को गति दी है, और अब डिजिटल रुपया उस प्रणाली को और सशक्त बनाएगा।

# अब किराया नहीं बढ़ेगा, एलायंस एयर की फेयर से फुर्सत स्कीम शुरू

## पायलट प्रोजेक्ट 13 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक चुनिंदा रूट्स पर लागू



**नई दिल्ली**

देश की रीजनल एयरलाइन एलायंस एयर ने यात्रियों को राहत देने के लिए एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की है, जिसका नाम है 'फेयर से फुर्सत'। इस योजना के तहत अब यात्रियों को टिकट की बुकिंग कब की जा रही है, इसका किराए पर कोई असर नहीं होगा। चाहे यात्री महीनों पहले टिकट लें या उड़ान से एक दिन पहले, किराया एक समान रहेगा। इस पहल की घोषणा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने की।

उन्होंने बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'उड़े देश का आम नागरिक' विजन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आम और मध्यमवर्गीय लोगों को हवाई यात्रा के लिए प्रेरित करना है। यह योजना 13 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ चुनिंदा मार्गों पर लागू की गई है। परिणामों के आधार पर इसे आगे बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा।

एलायंस एयर के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार यह स्कीम यात्रियों के बीच भरोसा बढ़ाने और विशेष रूप से टियर-2 व टियर-3 शहरों से यात्रा करने वालों को राहत देने के लिए लाई गई है। वहीं, एयरलाइन के अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में एविएशन सेक्टर डायनामिक प्राइसिंग पर चलता है, जिससे अंतिम समय में टिकट महंगे हो जाते हैं।

त्योहारों और छुट्टियों के दौरान जब किराए आसमान छूते हैं, 'फेयर से फुर्सत' स्कीम यात्रियों को एक निश्चित किराए पर टिकट उपलब्ध कराएगी, जिससे वे बिना तनाव के अपनी यात्रा की योजना बना सकेंगे।

# दिवाली पर मौका! एक्सिस सिक्योरिटीज ने बताए शेयर्स




**नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में इस साल, यानी संवत 2081 में ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। कमजोर कमाई, अमेरिकी नीतियों, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रुपये की कीमत में कमी जैसे कारणों से बाजार पर दबाव रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सिस सिक्योरिटीज का मानना है कि संवत 2082 में भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन करेगी। अगले वित्त वर्ष (2026) में अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी और 2027 में और बेहतर नतीजे देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में दीवाली 2025 निवेश के लिए अच्छा मौका हो सकता है।

दिवाली 2025 के लिए लंबे समय के निवेश करने के लिए आप कुछ खास स्टॉक्स चुन सकते हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज ने कुछ ऐसे शेयरों की सलाह दी है, जिनमें कोटक महिंद्रा बैंक, फेडरल बैंक, जेएसडब्ल्यू एनर्जी और चैलेट होटल्स जैसे नाम शामिल हैं। ये शेयर लंबे समय तक अच्छा रिटर्न दे सकते हैं।एक्सिस सिक्योरिटीज ने कुछ कंपनियों के शेयरों की सलाह दी है। पहला है रेनबो चिल्ड्रन मेडिकेयर। इस कंपनी का टारगेट प्राइस 1,625 रुपये है, जिसमें 23 प्रतिशत की बढ़त की संभावना है। यह कंपनी बच्चों और मातृत्व देखभाल में विशेषज्ञता रखती है।

इसके अस्पतालों में अच्छी बुकिंग और नए अस्पतालों से आय बढ़ रही है। कंपनी का मॉडल स्केलेबल है और कम पूंजी में विस्तार कर रही है, जिससे भविष्य में अच्छी कमाई की उम्मीद है।

दूसरा है डोम्स इंडस्ट्रीज, जिसका टारगेट प्राइस 3,110 रुपये है। यह कंपनी पेन, बैग, खिलौने और डायपर जैसे नए प्रोडक्ट्स में विस्तार कर रही है। कोटक महिंद्रा बैंक का टारगेट 2,500 रुपये है। यह बैंक जमा और कर्ज में संतुलन बनाए रखने पर ध्यान दे रहा है। फेडरल बैंक का टारगेट 240 रुपये है। यह बैंक मध्यम आय वाले सेगमेंट में तेजी से बढ़ रहा है और अगले कुछ सालों में 16 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी का टारगेट 625 रुपये है। यह कंपनी ऊर्जा भंडारण और 30 गीगावाट बिजली उत्पादन की दिशा में बढ़ रही है।

# एलजी के शेयर की एनएसई पर 1710 रुपए पर लिस्टिंग

## पलक झपकते निवेशकों को मिला 50 फीसदी रिटर्न




**नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में दक्षिण कोरिया की दिग्गज कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के शेयर्स की धमाकेदार लिस्टिंग हुई है। एनएसई पर 1710.1 रुपये प्रति शेयर पर लिस्टिंग हुई है और बीएसई पर 1715.1 रुपये प्रति शेयर पर एलजी के शेयर्स लिस्ट हुए हैं। आईपीओ का सब्सक्रिप्शन 7 से 9 अक्टूबर तक खुला था और अलॉटमेंट 10 अक्टूबर को हुआ और मंगलवार को एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंजों पर लिस्ट हुए हैं। इस आईपीओ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया. कुल सब्सक्रिप्शन की रकम लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये रही, जो बाजाज हाउसिंग फाइनेंस के पिछले रिकॉर्ड 3.2 लाख करोड़ रुपये को आसानी से पीछे छोड़ चुकी है। कुल शेयरों की पेशकश के मुकाबले सब्सक्रिप्शन 54 गुना रहा है। इसमें संस्थागत निवेशकों ने सबसे आगे रहते हुए 166 गुना से ज्यादा बोली लगाई। गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) की सब्सक्रिप्शन 22 गुना, रिटेल निवेशकों की 3.5 गुना और कर्मचारियों की 7.6 गुना रहा। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था, जिसमें 10.18 करोड़ से ज्यादा शेयर बेचे गए. साउथ कोरियाई पैरेंट कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक ने अपनी हिस्सेदारी कम की. शेयर की कीमत बैंड 1,080 से 1,140 रुपये प्रति शेयर तय की गई थी।

# अफगान विदेश मंत्री ने भारतीय उद्योग को किया आमंत्रित

## फिक्की के साथ बैठक में अफगान मंत्री ने बताया निवेश के लिए अनुकूल माहौल



**नई दिल्ली**

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और उनके साथ आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक अहम बैठक का आयोजन किया। बैठक का उद्देश्य भारत-अफगानिस्तान के आर्थिक संबंधों को मजबूती देना था।

अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी ने कहा कि अफगानिस्तान में अब शांति और स्थिरता स्थापित हो चुकी है, जिससे व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। उन्होंने बताया कि भारत और अफगानिस्तान का द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 1 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

साथ ही, भारतीय कंपनियों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विमानन, बैंकिंग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। मुत्ताकी ने भारतीय उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि अफगान सरकार भारतीय निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने फिक्की और अफगान चैंबर ऑफ कॉमर्स की साझेदारी को भी अहम बताया। बैठक में भारतीय उद्योग जगत ने वीजा संबंधी समस्याओं को गंभीर चिंता का विषय बताया और व्यापारियों की सुगम आवाजाही की मांग की। इसके अलावा, माल की आवाजाही और लॉजिस्टिक्स में आ रही बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

केईसी और मैक्स अस्पताल जैसी भारतीय कंपनियों ने अफगानिस्तान में फिर से संचालन शुरू कर दिया है। वहीं एमिटी विश्वविद्यालय अफगान छात्रों को सहयोग देने और एक साझा परिसर स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। यह बैठक दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को नई दिशा देने का संकेत है।

# गूगल विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करेगी

## 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना




**नई दिल्ली** इंटरनेट सर्च इंजन कंपनी गूगल अगले पांच वर्ष में विशाखापत्तनम में एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक कार्यक्रम में गूगल क्लाउड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह नया एआई केंद्रज एआई बुनियादी ढांचे, नई डेटा सेंटर क्षमता, बड़े ऊर्जा स्रोतों एवं विस्तारित ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को एकीकृत करेगा। उन्होंने कहा कि हम विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करने के लिए अगले पांच वर्ष में 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रहे हैं।

# अब रूसी तकनीक से दौड़ेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

## 2026 तक पटरी पर आने की तैयारी



**नई दिल्ली** भारतीय रेलवे की सेमी-हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत अब नई तकनीक के साथ स्लीपर वर्जन में दौड़ने के लिए तैयार हो रही है। इस बार इसमें रूस की एडवांस तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और सुरक्षा मिलेगी। रेलवे मंत्रालय को इसका फाइनल डिजाइन सौंपा जा चुका है और यह प्रोजेक्ट अब मंजूरी के अंतिम चरण में है। रूसी कंपनी ट्रांसमाशहोल्डिंग और भारतीय रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के संयुक्त उद्यम काइनेट रेलवे सॉल्यूशंस को 120 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट तैयार करने का ठेका दिया गया है। ये सभी ट्रेनें महाराष्ट्र के लातूर में मेक इन इंडिया के तहत बनाई जाएंगी। नई स्लीपर वंदे भारत में 16 कोच होंगे और यात्रियों के लिए चार टॉयलेट्स की सुविधा दी जाएगी। हालांकि, पैंट्री कार को शामिल नहीं किया गया है, जबकि रेलवे चाहता था कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह सुविधा भी हो। यह ट्रेन खासतौर पर रात की यात्रा के लिए डिजाइन की गई है।इस बीच बीईएमएल द्वारा आईसीएफ चेन्नई में बनी पहली 10-कोच वाली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन शकूरबस्ती डिपो में खड़ी है और नवंबर तक ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार हुआ तो 2026 तक ये ट्रेनें भारतीय ट्रैक पर दौड़ने लगेंगी।

# जम्मू-कश्मीर में निवेशकों की संख्या में 10 गुना बढ़ोतरी

**मुंबई** पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर निवेशक आधार में 10 गुना वृद्धि दर्ज की है। 2015 में जहां यह संख्या 65,000 थी, वहीं 2025 में यह बढ़कर 6.51 लाख हो गई है। यह वृद्धि देश की औसत वृद्धि (6.2 गुना) से कहीं अधिक है। एनएसई के एक अधिकारी ने इसे औपचारिक वित्तीय प्रणाली में बढ़ते विश्वास और युवाओं की सक्रिय भागीदारी का परिणाम बताया। एनएसई के अनुसार, महिला निवेशकों की भागीदारी जम्मू-कश्मीर में 25 फीसदी है, जो राष्ट्रीय औसत 16.3 फीसदी से अधिक है। 2025-26 तक निवेशक संख्या 7.1 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी, वित्तीय साक्षरता और डिजिटलीकरण इस बदलाव के प्रमुख कारक हैं। एनएसई ने निवेशकों को दीर्घकालिक, ज्ञान-आधारित निवेश की सलाह दी है न कि सट्टेबाजी की।

# चीन ने दक्षिण कोरियाई हनव्हा ओशन की अमेरिकी अनुषंगी कंपनियों पर लगाई रोक

## अमेरिका द्वारा जहाज निर्माण में चीन की भूमिका की जांच के जवाब में उठाया गया कदम



**हांगकांग** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने दक्षिण कोरियाई जहाज निर्माता हनव्हा ओशन की पांच अमेरिकी अनुषंगी कंपनियों के साथ चीनी कंपनियों के व्यापारिक लेन-देन पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह निर्णय अमेरिका द्वारा जहाज निर्माण उद्योग में चीन की भूमिका की जांच के जवाब में लिया गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने अप्रैल 2024 में धारा 301 के तहत एक व्यापार जांच शुरू की थी, जिसमें कहा गया कि चीन की जहाज निर्माण क्षमताएं अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुचित प्रतिस्पर्धा उत्पन्न कर रही हैं। इसके जवाब में चीन ने हनव्हा ओशन की जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, उनमें हनव्हा शिपिंग एलएलसी, हनव्हा फिली शिपयार्ड इंक और अन्य चार कंपनियां शामिल हैं। गौरतलब है कि हनव्हा ने 2024 के अंत में 100 मिलियन डॉलर में अमेरिकी फिली शिपयार्ड का अधिग्रहण किया था और अगस्त में उसने अमेरिका में 5 अरब डॉलर के निवेश की योजना घोषित की थी। जहाज निर्माण क्षेत्र अब अमेरिका-चीन व्यापारिक टकराव का नया केंद्र बनता जा रहा है, जहां दोनों देश नई शुल्क नीतियों के ज़रिए एक-दूसरे को जवाब दे रहे हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 297 , निफ्टी 81 अंक नीचे आया




**मुंबई**


भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट एशियाई बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही पीएसयू बैंक और सरकारी कंपनियों के शेयरों के नीचे आने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 297.07 अंक नीचे आकर 82,029.98 और 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 81.85 अंक टूटकर 25,145.50 पर बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस भी बाजार नीचे आया था। आज इसेक्टोरल आधार पर निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 1.52 फीसदी के साथ ही सबसे बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके बाद निफ्टी पीएसई इंडेक्स 0.91 फीसदी निफ्टी रियल्टी 0.94 फीसदी , निफ्टी एफएमसीजी 0.48 फीसदी , निफ्टी फार्मा 0.75 फीसदी और निफ्टी आईटी 0.33 फीसदी की गिरावट रही। आज कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 437.95 अंक या 0.75 फीसदी टूटकर 58,324.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 161.60 अंक या 0.89 फीसदी नीचे आकर 17,940.15 पर रहा।

निफ्टी के शेयरों में मैक्सहेल्थ, टेक महिंद्रा, विप्रो, अपोलो हॉस्पिटल, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज ऑटो, एचयूएल, श्रीराम फाइनेंस, पावर ग्रिड और ओएनजीसी सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि डॉ.रेड्डी, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, बीईएल, ट्रेंट, हिंडालको, टीसीएस, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान में रहे। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स मजबूती के साथ 82,404.54 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ 25,277.55 अंक पर खुला। खुलते ही यह 25,310.35 अंक तक चढ़कर 63.45 अंक की बढ़त लेकर 25,293 अंक पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निवेशकों की नजर अमेरिका के फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल के भाषण पर है। एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.01 फीसदी चढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 1.34 फीसदी गिरा और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.25 फीसदी नीचे बंद हुआ। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। सेमीकंडक्टर शेयरों, खासकर बोर्डकॉम में तेजी से बाजार को सहारा मिला।

एसएंडपी 500 में 1.56 फीसदी की बढ़त रही। नैस्डेक इंडेक्स 2.21 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.29 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

# भगोड़े विजय माल्या का बैंकों पर हमलाः संपत्तियां बिक चुकीं, फिर भी मांग जारी

## यूके कोर्ट से केस वापस लेने के बाद बोले माल्या – भारत में ही निपटाना चाहता हूं मामला



**नई दिल्ली** भगोड़े आर्थिक अपराधी विजय माल्या ने एक बार फिर भारतीय बैंकों पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्होंने दावा किया कि उनकी संपत्तियों को बेचकर बैंकों ने 14,100 करोड़ रुपये की वसूली कर ली है, जो कि कर्ज की मूल रकम से कहीं अधिक है। बावजूद इसके, बैंक अब भी उनसे पैसों की मांग कर रहे हैं। माल्या ने कहा कि डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल ने केवल 6,203 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश दिया था, लेकिन बैंकों ने उससे दुगुनी रकम वसूल ली है। उन्होंने भारतीय वित्त मंत्रालय के बयान का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अब तक बैंकों को 14,100 करोड़ रुपये की वापसी मिल चुकी है। माल्या ने आरोप लगाया कि बैंकों ने अब तक वसूली की पारदर्शी रिपोर्ट तक नहीं दी है। इसी के साथ, माल्या ने ब्रिटेन की अदालत में अपने दिवालिया आदेश को रद्द कराने वाली याचिका भी वापस ले ली है। इसका मतलब है कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में बैंकों का समूह अब यूके में उनकी संपत्तियों की जब्ती की कार्रवाई बिना किसी रुकावट के जारी रख सकता है। माल्या ने यह भी स्पष्ट किया कि वे अब ब्रिटेन में कोई कानूनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे और इस मामले को भारत में ही सुलझाने का प्रस्ताव दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे पास एक अच्छा प्रस्ताव है, जिसे सिर्फ भारत में ही हल किया जा सकता है।

# ईपीएफओ के नए नियम से निकासी आसान, लेकिन पैसे तक पहुंच हुई सीमित

## आंशिक निकासी संभव, लेकिन पूरी निकासी और पेंशन निकालने में अब लंबा इंतजार करना होगा




**नई दिल्ली**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने 7 करोड़ से ज्यादा खाताधारकों को बड़ी राहत देते हुए पीएफ निकासी के नियमों में अहम बदलाव किए हैं।

अब नौकरीपेशा लोग बीमारी, पढ़ाई, शादी या घर खरीदने जैसे जरूरी कारणों से सिर्फ 12 महीने की सेवा के बाद आंशिक निकासी कर सकेंगे। पहले अलग-अलग कारणों के लिए अलग-अलग सेवा अवधि तय थी। हालांकि, कुछ फैसले चिंता बढ़ाने वाले भी हैं।

ईपीएफओ ने यह तय किया है कि आपके पीएफ खाते का 25 फीसदी हिस्सा अब हमेशा संगठन के पास रहेगा। यह रकम आपकी अपनी जमा पूंजी में से होगी, जिसे अब आप पूरी तरह से कभी नहीं निकाल सकेंगे।

संगठन का कहना है कि इससे रिटायरमेंट के लिए बचत सुरक्षित रहेगी और आपको 8.25 फीसदी का ब्याज मिलता रहेगा।

इसके अलावा बेरोजगारी की स्थिति में भी अब पूरी पीएफ राशि निकालने के लिए 12 महीने का इंतजार करना होगा, जबकि पहले यह अवधि केवल दो महीने थी।

वहीं, पेंशन निकासी के नियमों को भी सख्त कर दिया गया है, अब इसके लिए 36 महीने की सेवा आवश्यक होगी।

ईपीएफओ ने डिजिटल सेवाओं को बेहतर करने के प्रयास में पेपरलेस क्लेम प्रोसेस शुरू किया है और विश्वास योजना के तहत देरी से पीएफ जमा करने पर मुकदमेबाजी कम करने का वादा किया है।

साथ ही, पेंशनधारकों को घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की सुविधा भी दी गई है।

# मिजोरम व्यापारी संगठन ने सरकार से व्यापार एक्सपो बंद करने का किया आग्रह

## फर्स्ट इंटरनेशनल स्टार एक्सपो में 36 प्रतिभागी बिना परमिट, विदेशी भागीदारी भी नहीं

**आइजोल** मिजोरम मर्चेंट एसोसिएशन (एमआईएमए) ने आइजोल के लामुअल में चल रहे **फर्स्ट इंटरनेशनल स्टार एक्सपो** को बंद करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि इस व्यापार मेले में शामिल 36 प्रतिभागी बिना आवश्यक इनर लाइन परमिट (आईएलपी) के पाए गए। मिजोरम जैसे संरक्षित राज्य में गैर-आदिवासी लोगों के लिए आईएलपी अनिवार्य है। एमआईएमए ने आयोजकों पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 89 का उल्लंघन करने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि एक्सपो का नाम इंटरनेशनल है, जबकि इसमें कोई भी विदेशी भागीदारी नहीं है, जो कि भ्रामक विज्ञापन की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही, एक्सपो में एक खाद्य विक्रेता के पास एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं पाया गया, जो खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। एमआईएमए और मिजो छात्र संस्था एमजेडपी द्वारा चलाए गए अभियान में पकड़े गए आईएलपी उल्लंघनकर्ताओं को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब संगठन ने प्रशासन से एक्सपो को तुरंत बंद करने की मांग की है।



# आ रही है ऋतिक रोशन की नई वेब सीरीज, सबा आजाद भी आएंगी नजर




बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन के फैंस के लिए खुशखबरी है। एक ओर जहां वह कृष 4 में डायरेक्शन की कमान संभालने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं जल्द ही ओटीटी पर भी डेब्यू करने वाले हैं। हालांकि, उनकी यह पारी एक्टर के तौर पर नहीं होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने एक नई ओरिजिनल ड्रामा सीरीज स्टॉर्म की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के साथ ऋतिक रोशन और उनकी कंपनी फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस का हिस्सा ने हाथ मिलाया है। हालांकि, सीरीज का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसे तत्काल स्टॉर्म नाम दिया गया है। ऋतिक रोशन और ईशान रोशन इस सीरीज को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

ऋतिक रोशन बोले- सीरीज की कहानी दिलचस्प और सच्चाई से भरी

बतौर प्रोड्यूसर, अपनी ओटीटी पारी के लिए ऋतिक रोशन ने कहा, 'स्टॉर्म, ने मुझे ओटीटी की दुनिया में बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत करने का एक शानदार मौका दिया। जिस चीज ने मुझे इस सीरीज की तरफ खींचा, वह है अजीतपाल द्वारा बनाई गई दिलचस्प और सच्चाई से भरी दुनिया है। कहानी गहरी, दमदार और यादगार किरदारों से भरी हुई है। मैं इसको लेकर बहुत एक्साइटेड हूं।

## दमदार महिला किरदारों की कहानी होगी स्टॉर्म

प्राइम वीडियो के वाइस प्रेसिडेंट, गौरव गांधी कहते हैं, प्राइम वीडियो में हमारा मकसद हमेशा अच्छे कलाकारों और क्रिएटिव लोगों को मौका देना है, चाहे वो कैमरे के आगे हों या पीछे। हम ऐसी कहानियां लाना चाहते हैं जो दुनिया भर के लोगों को पसंद आएं। ऋतिक रोशन भारतीय फिल्मों के सबसे टैलेंटेड स्टार्स में से एक हैं। उन्होंने आगे कहा, 'स्टॉर्म, सिर्फ एक सीरीज नहीं है, बल्कि एक नए और रोमांचक सफर की शुरुआत है, जिससे आगे और भी बेहतरीन प्रोजेक्ट्स आएंगे। यह दमदार महिला किरदारों की दिलचस्प कहानी है। हमें यकीन है कि दुनियाभर के दर्शकों को यह पसंद आएगी।



# मेल एक्टर्स को लेकर कभी हेडलाइन नहीं बनी

## अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ती हूं

**दीपिका पादुकोण जब से संदीप रेड्डी वंगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुईं इंडस्ट्री में आठ घंटे की शिफ्ट टाइमिंग को लेकर अलग बहस छिड़ गई। कथित तौर पर दीपिका ने काम के घंटों में असहमति के चलते ही फिल्म छोड़ी थी। इंडस्ट्री में तमाम लोग दीपिका के सपोर्ट में आए, तो कुछ ने विपरीत टिप्पणी की। अब पहली बार खुद दीपिका पादुकोण ने इस मसले पर चुप्पी तोड़ी है।**

### यह मेरा तरीका नहीं

दीपिका पादुकोण ने हाल ही में बातचीत में इंडस्ट्री में जोर-शोर से चल रही इस बहस पर चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, मैंने ये कई लेवल्स पर किया है, मेरे लिए ये नई बात नहीं है। मुझे लगता है कि पेमेंट जैसी चीजों के मामले में भी मुझे जो कुछ भी मिला, उससे निपटना पड़ा। मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं, लेकिन मैं हमेशा अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ती हूं और किसी अजीब वजह से कभी-कभी ये सार्वजनिक हो जाती हैं। यह मेरा तरीका नहीं है। न ही मैं ऐसे पली-बढ़ी हूं। लेकिन हां, अपने लिए बोलना और अपनी लड़ाई चुपचाप व गरिमा के साथ करना ही मेरा तरीका है।

दीपिका पादुकोण ने पुरुष कलाकारों का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, एक महिला होने के नाते अगर यह दबावपूर्ण या कुछ और लगता है, तो ऐसा ही हो। मगर, इसमें कोई सीक्रेट नहीं कि कई सुपरस्टार्स, मेल सुपरस्टार्स इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में आठ घंटे काम करते आए हैं। वर्षों से वे ऐसा कर रहे हैं। इसकी कभी हेडलाइन नहीं बनी हैं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं नाम नहीं लेना चाहती, जिससे कि यह बड़ा मुद्दा बने। मगर, यह बात सब जानते हैं कि कई मेल एक्टर्स दिन में आठ घंटे काम करते हैं। कुछ सोमवार से शुक्रवार तक आठ घंटे काम करते हैं और वीकएंड में काम नहीं करते हैं।

### दीपिका के फाउंडेशन को हुए 10 वर्ष

दीपिका पादुकोण वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के मौके पर मध्य प्रदेश गई थीं। वहां उन्होंने अपने फाउंडेशन लिव लव लाफ के 10 साल पूरे होने को सेलिब्रेट किया। एक्ट्रेस का यह फाउंडेशन देशभर में मेंटल हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रहा है। दीपिका के वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी।

### स्पिरिट और कल्कि 2898 एडी से बाहर हुईं दीपिका

दीपिका पादुकोण ने फिल्म स्पिरिट और कल्कि 2898 एडी में आठ घंटे की शिफ्ट टाइमिंग में काम करने की शर्त रखी थी। बिटिया के जन्म के बाद उन्होंने मेकर्स के सामने यह मांग रखी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया और दीपिका ने दोनों फिल्में छोड़ दीं।

अब हालिया इंटरव्यू में दीपिका ने विस्तार से इस पर बात की है। उन्होंने वर्किंग टाइमिंग को लेकर नए सिरे से छिड़ी बहस पर रिएक्शन दिया। उन्होंने बहुत सलीके से कहा कि वे अपनी लड़ाईयां खुद लड़ती हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा इंडस्ट्री में हो रही उन बातों का भी जिक्र किया, जहां बराबरी, इंसाफ और सम्मान की चर्चा होती है।



# चंडीगढ़ के व्यवसायी से शादी करेंगी तृषा कृष्णन!

तृषा कृष्णन उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। अफवाहें उड़ रही थीं कि वो अभिनेता थलापति विजय के साथ रिश्ते में हैं। हालांकि अब एक खबर लोगों को हैरान कर रही हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि वो एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं।

चंडीगढ़ के व्यवसायी से करने वाली हैं शादी!

रिपोर्ट के अनुसार, तृषा कृष्णन के माता-पिता चंडीगढ़ के एक व्यवसायी के साथ उनकी नई शादी के लिए राजी हो गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है और कहा जा रहा है कि दोनों परिवार कथित तौर पर कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने शादी के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने ईमानदारी से कहा कि अगर उन्हें सही व्यक्ति मिले तो वह शादी करने को तैयार हैं। हालांकि उन्हें लगता है कि अभी सही समय नहीं आया है। जहां तक उनके माता-पिता की बात है, तो उन्होंने अभी तक चुप्पी साध रखी है, उन्होंने अभी तक न तो इन अफवाहों की पुष्टि की है और न ही खंडन किया है।

### तृषा कृष्णन का वर्कफ्रंट

तृषा कृष्णन जल्द ही फिल्म 'विश्वंभरा'में नजर आएंगी। इस फिल्म में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'विश्वंभरा' की कहानी रहस्य, रोमांच से भरी है। तृषा और चिरंजीवी के अलावा फिल्म में आशिका रंगनाथ और कुणाल कपूर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। इस फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक एमएम कीरवानी ने तैयार किया है।

# फिर मोहब्बत और परिवार के बीच फंसेंगे अजय देवगन, फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज डेट आई सामने



अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' जल्द ही रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी एक एज गैप वाले कपल की लव स्टोरी है। इस बार भी अजय देवगन और रकुल प्रीत लीड रोल में होंगे। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' से जुड़ी अपडेट शेयर की है। फिल्म कब रिलीज होगी, यह फैंस को बताया है। फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज डेट 14 नवंबर 2025 है। फिल्म का एक मोशन पोस्टर भी शेयर किया गया है।




# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया।

शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे।

बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।



# तुनिषा के जाने के बाद अब प्यार से डर लगता है

**छोटे पर्दे पर पिछले 12-13 साल से एक्टिव रहे शीजान खान की जिंदगी में उस वक्त तूफान आ गया था, जब उन्हें तीन साल पहले को-स्टार तुनिषा शर्मा के सुसाइड केस में जेल जाना पड़ा। हालांकि, जेल से बाइज्जत बरी होने के बाद शीजान ने अपनी दूसरी पारी शुरू की। जेल में 70 दिन बिताने के बाद जब शीजान वापस घर लौटे, तो यकीनन उनकी जिंदगी अब आसान नहीं थी। खास बातचीत में शीजान ने अपने करियर और निजी जिंदगी, दोनों पर खुलकर बात की है।**

वह कहते हैं कि आज भी उन्हें कई बार नींद नहीं आती। तुनिषा के जाने के बाद दिल और दिमाग पर ऐसा असर पड़ा है कि अब प्यार से डर लगता है। शीजान अब टीवी पर गुम है किसी के प्यार में के बाद नए शो गंगा माई की बेटियां में सिद्धू के किरदार में चर्चा बटोर रहे हैं।

अपने नए शो के बारे में वह कहते है, हमारे इस शो में जेंडर डिस्क्रिमिनेशन का मुद्दा उठाया गया है। ये मैंने अपने आस-पास भी देखा है कि कैसे बेटे की चाहत में औरत पर लगातार बच्चे पैदा करने का दबाव डाला जाता है। ये कोई नहीं सोचता कि उस मां का क्या हाल होता होगा? बेटे के चक्कर में जो पूरी फौज इकट्ठा कर दी जाती है, यह सोच मुझे बहुत अखरती है।

बेटियां पराया धन होती हैं, इस बात से चिढ़ है शीजान को समाज में लड़की और लड़के के बीच किए जाने वाले भेदभाव पर कड़ा ऐतराज है। वह कहते हैं, मुझे सबसे ज्यादा बुरा तब लगता है, जब बेटियों को कहा जाता है, ये तो पराया धन हैं। मैंने खुद अपनी बहनों को कहा है कि ये तुम्हारा घर है। कल को शादी होने के बाद तुम्हें अपने घर में किसी भी तरह की कोई दिक्कत लगे, तो सीधे घर आ जाना। ये घर उसका ही है। मैं खुद महिलाओं के बीच पला-बढ़ा हूं। मेरी परवरिश मेरी मां और बहनों ने की है, तो मेरा फेमिनिन साइड मेरे मैस्कुलिन साइड से ज्यादा स्ट्रॉन्ग है। मैं अपने उस पहलू पर गर्व करता हूं। मेरा यही पक्ष मुझसे दूसरों से अलग भी बनाता है कि कम से कम मैं दूसरों का साइड समझने की कोशिश करता हूं।

### जेल में रहने के दौरान मां और बहन बनीं सबसे बड़ा सहारा

अली बाबा- दास्तान-ए-काबुल से लोकप्रिय हुए शीजान खान, इसी शो में अपनी को-स्टार तुनिषा शर्मा के सुसाइड, और जेल जाने के उस दौर को याद करते हुए कहते हैं, मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर तो वही था। मैं सोचता था कि खुद को संभालू कैसे? क्योंकि तूफान तो गुजर गया और बर्बाद करके गया, मगर उसके बाद का समय बहुत चैलेंजिंग था। मेरी सच्चाई और मेरा जज्बात खुदा जानता है और बहुत जल्द ये दुनिया भी जान जाएगी। उस मुश्किल समय में मेरा खुदा, मेरी मां और बहनें ही मेरा सबसे बड़ा सहारा थीं। ये ही लोग मेरे लिए लड़ीं और मेरे साथ खड़ी रहीं। आज जब मैं दोबारा अपने पैरों पर खड़े होकर अपने करियर को रिवाइव कर पाया, तो सबसे ज्यादा गर्व इन्हीं लोगों को हुआ है।

### मेरी मां की दुआ काम आई

अपनी दूसरी पारी के बारे में शीजान कहते हैं, हमारी इंडस्ट्री बहुत छोटी-सी है। मैं यहां 12-13 साल से काम कर रहा हूं, तो लोग मुझे बहुत अच्छे से जानते हैं। उनको मुझ पर भरोसा था, मेरे घर वालों को मुझ पर भरोसा था। मैं भी जानता था कि मैं टूट चुका हूं, मगर बिखरूंगा नहीं। मेरी मां की दुआ थी, जो मुझे जेल से आने के बाद दूसरा मौका मिला। लोगों को तो वो भी नहीं मिलता। मुझे जो भी काम मिला है, मैं करता चला गया।

### कई बार नींद नहीं आती...

तुनिषा शर्मा की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बाद क्या शीजान को प्यार -मोहब्बत जैसी बातों से विरक्ति हुई है? इस पर वह कहते हैं, देखिए प्यार से डर लगता है अब। कभी -कभी नींद नहीं आती। मगर जिंदगी में आगे बढ़ना पड़ता है। मुझे म्यूजिक पसंद है। गजलें और शायरी में बहुत रुचि है। क़तील शिफ़ाई, अहमद फ़राज़, राहत इंदौरी साहब, बशीर बद्र, गुलजार जैसे तमाम शायरों को पढ़ता-सुनता हूं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in